हिंदी दैनिक

# कोयलांचल संवाद

www.ksnewsupdates.com धनबाद, शुक्रवार, 20 सितम्बर, 2024, वर्ष : 33 अंक : 169, मूल्य : 2 रूपए

धनबाद एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

YouTube Subscribe
Koylanchal sambad news

सत्यमेव जयते

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा
की पावन धरती पर

श्रीमती द्रौपदी मुर्मु
भारत की माननीय राष्ट्रपति

का हार्दिक अभिनंदन
और जोहार

20 सितम्बर, 2024







PR NO. 336217 (IPRD) 24-25

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

# सहारा समूह के जमाकर्ताओं को राहत सरकार ने रिफंड की रकम 5 गुना बढ़ाई

नई दिल्ली (ईएमएस)। सहारा समूह की बचत योजनाओं में पैसा फंसा चुके लाखों निवेशकों के लिए राहत भरी खबर है। इस मामले में केंद्र सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। दरअसल सरकार ने रिफंड की रकम को 10,000 से बढ़ाकर 50,000 रुपये कर दिया है। सहकारिता मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि इससे अगले 10 दिनों में करीब 1000 करोड़ रुपये का भुगतान किया जाएगा। सरकार ने अब तक सीआरसीएस-सहारा रिफंड पोर्टल के जरिए सहारा समूह की सहकारी समितियों के 4.29 से ज्यादा जमाकर्ताओं को 370 करोड़ रुपये जारी किए हैं। सरकार रिफंड जारी करने से पहले जमाकर्ताओं के क्लेम की सावधानी से जांच कर रही है। सहारा जमाकर्ताओं को रिफंड की रकम लौटाने के लिए सुप्रीम कोर्ट के आदेश के पर जुलाई 2023 को सीआरसीएस-सहारा रिफंड पोर्टल शुरू किया गया था। सुप्रीम कोर्ट के 29 मार्च, 2023 के आदेश के तहत मई, 2023 को सेबी-सहारा रिफंड खाते से 5000 करोड़ रुपये की रकम केंद्रीय सहकारी समितियों के रजिस्ट्रार (सीआरसीएस) को ट्रांसफर कर दी गई थी। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने सहारा समूह को कड़ी फटकार लगाई थी। हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय ने सहारा ग्रुप से कहा था कि वह अपनी संपत्ति बेचकर निवेशकों का पैसा लौटा सकता है। कोर्ट ने कहा कि सेबी-सहारा रिफंड खाते में 10,000 करोड़ रुपये जमा करने के लिए समूह को प्रॉपर्टी बेचने से कोई रोक नहीं सकता है। अगस्त 2012 में सुप्रीम कोर्ट ने सहारा समूह की कंपनियां–एसआईआरईसीएल और एसएचआईसीएल निवेशकों की जमा की गई राशि को 15 प्रतिशत सालाना ब्याज के साथ सेबी को वापस करेंगी। बता दें कि सहारा समूह ने अपनी छोटी बचत योजनाओं के जरिए जमाकर्ताओं से करोड़ों रुपये जुटाया था लेकिन, ग्रुप के आर्थिक हालात बिगड़ने पर जमाकर्ताओं का पैसा पिछले 12 सालों से फंसा हुआ है।



## रुपया बढ़त पर बंद

मुंबई (ईएमएस)। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले गुरुवार को भारतीय रुपया चार पैसे की बढ़त के साथ ही 83.66 रुपये पर बंद हुआ।अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया आज सुबह 83.70 पर खुला। शुरुआती सौदों के बाद 83.69 प्रति डॉलर पर पहुंच और फिर दोबारा 83.70 प्रति डॉलर पर आ गया जो पिछले बंद भाव के मुकाबले छह पैसे की बढ़त दिखाता है। वहीं रुपया गत दिवस अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 83.70 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.46 प्रतिशत बढ़त के साथ 100.75 पर रहा। वहीं अमेरिकी फेडरल रिजर्व बैंक के बाजार की उम्मीदों के अनुरूप ब्याज दर में कटौती करने के निर्णय के बाद स्थानीय मुद्रा में बढ़त निवेशकों की मजबूत धारणा दिखाती है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि कच्चे तेल की कम कीमतों, सकारात्मक घरेलू शेयर बाजारों के साथ-साथ विदेशी पूंजी के प्रवाह से रुपये को समर्थन मिला। हालांकि, डॉलर के मजबूत होने से स्थानीय मुद्रा की तेजी सीमित हुई।

## पूर्वा ग्रीन पावर ने इकोरेन एनर्जी इंडिया से किया समझौता

नई दिल्ली (ईएमएस)। सीईएससी की शाखा पूर्वा ग्रीन पावर प्राइवेट लिमिटेड ने 686.85 मेगावाट तक की पवन ऊर्जा परियोजना स्थापित करने के लिए इकोरेन एनर्जी इंडिया के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। सीईएससी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि इकोरेन एनर्जी इंडिया न तो संबंधित पक्ष है और न ही इसके प्रवर्तक या प्रवर्तक समूह का हिस्सा है। कंपनी सूचना के अनुसार उसकी अनुषंगी कंपनी पूर्वा ग्रीन पावर ने 686.85 मेगावाट तक की पवन ऊर्जा परियोजना स्थापित करने के लिए इकोरेन एनर्जी इंडिया के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। कंपनी ने कहा कि परियोजना तीन वर्षों के भीतर पूरी हो जाएगी। हालांकि इसके लिए विभिन्न प्राधिकरणों से संबंधित लाइसेंस, परमिट और अनुमोदन मिलना जरूरी है।

## साल का सबसे बड़ा आईपीओ लाएगी एनटीपीसी

मुंबई (ईएमएस)। सार्वजनिक बिजली कंपनी एनटीपीसी इस साल का सबसे बड़ा आईपीओ लाने की योजना बना रही है। इसके लिए उसने सेबी के पास ड्राफ्ट दाखिल कर लिया है। कंपनी का कहना है कि उसकी सब्सिडियरी एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी का आईपीओ में केवल नए शेयर जारी किए जाएंगे। एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी के आईपीओ में केवल नए शेयर जारी किए जाएंगे। इस कंपनी के ग्रीन एनर्जी पोर्टफोलियो में छह से अधिक राज्यों में मौजूदगी के साथ सौर और पवन ऊर्जा एसेट्स शामिल हैं। एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी की परिचालन क्षमता 31 अगस्त तक 4,071 मेगावॉट थी। इसमें 3,071 मेगावॉट सोलर और 100 मेगावॉट विंड प्रोजेक्ट शामिल हैं। कंपनी का कहना है कि इस आईपीओ से होने वाली इनकम में से 7,500 करोड़ का उपयोग एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी का कर्ज कम करने और बाकी सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए किया जाएगा।

## रात 10 बजे के बाद बदल जाएगा टीनएजर्स का इंस्टाग्राम अकाउंट!





नई दिल्ली (ईएमएस)। दुनियाभर में करोड़ों लोग इंस्टाग्राम का उपयोग करते हैं। वाटसएप की तरह इंस्टाग्राम भी अपने यूजर्स को बेहतर सुविधा देने के लिए प्रयास करता रहता है और नए-नए फीचर अपडेट करता है लेकिन आज के समय में छोटे बच्चे से लेकर बड़ों तक सभी इसे यूज करते हैं। इससे कई क्राइम भी हो रहे हैं। इसी कड़ी में इंस्टाग्राम ने टीनएजर्स की सुरक्षा देखते हुए नया ऐलान किया है। अब उन्हें इंस्टाग्राम टीन एकाउंट मिलेगा। इंस्टाग्राम टीन एकाउंट में यूजर्स की प्राइवेसी और सेफ्टी का काफी ध्यान रखा गया है। इसमें यूजर्स का अकाउंट बाय डिफॉल्ट प्राइवेट हो जाएगा। इसके अलावा रात 10 बजे के बाद से कोई अलर्ट नोटिफिकेशन नहीं आएगा। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इसकी मदद से नाबालिग को ऑनलाइन दुनिया की वजह से होने वाले नुकसान से बचाना चाहता है।

## भारत 2019 में ब्रिटेन को पछाड़ते हुए 5वीं बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया: पुरी

ह्यूस्टन (ईएमएस)। पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत 2019 में ब्रिटेन को पीछे छोड़ते हुए वह पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। ह्यूस्टन में भारत के महावाणिज्य दूत डी.सी. मंजूनाथ द्वारा हाल ही में यहां इंडिया हाउस में आयोजित सामुदायिक स्वागत समारोह में पुरी ने वैश्विक ऊर्जा क्षेत्र, खासकर हरित हाइड्रोजन और एयरोस्पेस (वांतरिक्ष) में ह्यूस्टन की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने अमेरिका-भारत रणनीतिक स्वच्छ ऊर्जा साझेदारी को दोनों देशों के बीच भविष्य के सहयोग की आधारशिला बताया। पुरी ने हाल के चुनावों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दल की राजनीतिक सफलताओं को रेखांकित किया और कहा कि मोदी के शासन में 2014 में 10वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से आगे बढ़कर देश 2019 तक ब्रिटेन को पीछे छोड़ते हुए पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। मंत्री ने भारत सरकार की महत्वाकांक्षी शहरी विकास पहलों की ओर इशारा करते हुए कहा कि देश ने 2017 से 2024 तक शहरी योजनाओं के लिए 25 अरब अमेरिकी डॉलर (1.57 लाख करोड़ रुपये) खर्च करने की प्रतिबद्धता जतायी है। पुरी ने ऊर्जा नवाचार के लिए वैश्विक केंद्र के रूप में ह्यूस्टन की सराहना की और कहा कि 2019 में 'हाउडी मोदी' जैसे कार्यक्रमों ने भारतीय-अमेरिकी संबंधों की ताकत को दर्शाया है। मंत्री ने विभिन्न क्षेत्रों, खासकर चिकित्सा तथा इंजीनियरिंग में भारतीय प्रवासियों के योगदान की सराहना की तथा विदेश में रहते हुए भी सांस्कृतिक परंपराओं को बनाए रखने के महत्व पर बल दिया।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

### फेड के ब्याज दरों में कटौती से आया उत्साह




मुम्बई (ईएमएस)। घरेलू शेयर बाजार गुरुवार को बढ़त पर बंद हुआ। बाजार में ये तेजी दुनिया भर के बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीदारी हावी रहने से आई है। इसके अलावा अमेरिकी फेडरल रिजर्व (फेड) द्वारा नीतिगत ब्याज दरों में कटौती की घोषणा से भी बाजार को बल मिला। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 236.57 अंक करीब 0.29 फीसदी ऊपर आकर 83,184.80 के उच्च स्तर पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 38.25 अंक तकरीबन 0.15 फीसदी बढ़कर 25,415.80 पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 19 शेयर लाभ के साथ ही ऊपर आये। एनटीपीसी कोटक बैंक, टाइटन, नेस्ले इंडिया और सबसे अधिक लाभ वाले शेयर रहे। वहीं मारुति, एचडीएफसी बैंक, एशियन पेंट्स, भारती एयरटेल, सन फार्मा, एक्सिस बैंक, टाटा मोटर्स, रिलायंस, पावर ग्रिड, इंडसइंड बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, आईटीसी, बजाज फिनसर्व और इंफोसिस के शेयर भी उछले। वहीं दूसरी ओर सेंसेक्स के 11 शेयरों में गिरावट रही। इनमें अदाणी पोर्ट्स, एलएंडटी, टीसीएस, जेएसडब्ल्यू स्टील और एचसीएल टेक जैसे शेयर रहे। इसके अलावा, टाटा स्टील, टेक महिंद्रा, बजाज फाइनैंस, एमएंडएम, एसबीआई और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर भी गिरे। एशियाई बाजारों में सियोल, टोक्यो, शंघाई और हांगकांग में तेजी आई। वहीं दोपहर के कारोबार में, यूरोपीय बाजार उछले। गत दिवस अमेरिकी बाजार में गिरावट रही। वहीं गत दिवस बाजार गिरावट पर बंद हुआ था। इससे पहले आज सुबह सेंसेक्स और निफ्टी बाजार खुलते ही नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गये। यह तेजी एशिया-पैसिफिक बाजारों और वॉल स्ट्रीट फ्यूचर्स में उछाल के बाद आई, क्योंकि जेरोम पॉवेल की अगुवाई वाले अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने बुधवार शाम को 50 बेसिस पॉइंट की दर में कटौती की घोषणा की थी। बाजार खुलते समय सेंसेक्स 441 अंकों की बढ़त के साथ 83,389 के स्तर पर कारोबार करता दिखा। हालांकि, कुछ देर बाद ही सेंसेक्स 782 अंकों के उछाल के साथ 83,730 के लेवल पर आ गया। वहीं निफ्टी 50 165 अंकों की बढ़त के साथ 25,542 पर दिखा और थोड़ी देर बाद ही यह 224 अंक बढ़कर 25,602 के स्तर पर आ गया। सभी सेक्टर्स में तेजी देखी गई, जिसमें आईटी इंडेक्स 1.55 फीसदी और रियल्टी इंडेक्स 1.10 फीसदी की बढ़त के साथ सबसे आगे रहे।

## नजारा टेक तरजीही निर्गम से जुटाएगी 900 करोड़

नई दिल्ली (ईएमएस)। ऑनलाइन गेमिंग एवं स्पोर्ट मीडिया कंपनी नजारा टेक्नोलॉजीज ने कहा कि उसके निदेशक मंडल ने 900 करोड़ रुपये जुटाने के लिए एक तरजीही शेयर निर्गम को मंजूरी दी है। इसके साथ ही नजारा टेक ने एब्सोल्यूट स्पोर्ट्स में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाकर 91 प्रतिशत करने की भी घोषणा की। कंपनी ने बयान में कहा कि नई पूंजी उसके रणनीतिक अधिग्रहण और कारोबार विस्तार को बढ़ावा देगी और वृद्धि के नए अवसर लेकर आएगी। नजारा टेक ने कहा कि 900 करोड़ रुपये के तरजीही इक्विटी निर्गम को एसबीआई म्यूचुअल फंड, जूनोमोनेटा फिनसोल, थिंक इन्वेस्टमेंट्स और डिस्कवरी इन्वेस्टमेंट्स जैसे प्रमुख निवेशकों के पास रखा जाएगा। इस बीच नजारा टेक ने स्पोर्ट्सकीड़ा मंच की मूल कंपनी एब्सोल्यूट स्पोर्ट्स में 19.35 प्रतिशत की अतिरिक्त हिस्सेदारी 145.5 करोड़ रुपये में हासिल की है। अब उसकी एब्सोल्यूट स्पोर्ट्स में 91 प्रतिशत हिस्सेदारी हो गई है।

## प्रत्यक्ष कर संग्रह 21.48 फीसदी बढ़कर 12 लाख करोड़ हुआ

नई दिल्ली (ईएमएस)। चालू वित्त वर्ष में 17 सितंबर तक सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह 21.48 प्रतिशत बढ़कर 12.01 लाख करोड़ रुपये हो गया है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) द्वारा जारी आंकड़े के अनुसार अधिक रिफंड के बावजूद प्रत्यक्ष कर संग्रह 17 सितंबर तक 16.12 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 9.96 लाख करोड़ रुपये रहा है। आंकड़ों के अनुसार 2024-25 में 17 सितंबर तक 2,05,307 करोड़ रुपये का रिफंड हुआ है। जो कि साल दर साल के हिसाब से 56.49 प्रतिशत अधिक है। पिछले वित्त वर्ष में इसी अवधि के दौरान 1,31,196 करोड़ रुपये का रिफंड हुआ था। व्यक्तिगत आयकर संग्रह 17 सितंबर 2024 तक 6,14,459 करोड़ रुपये रहा है। पिछले साल इसी दौरान 5,00,822 करोड़ रुपये का व्यक्तिगत आयकर संग्रह हुआ था। इस तरह इसमें 22.70 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। 17 सितंबर 2024 तक 99,230 करोड़ रुपये का व्यक्तिगत आयकर रिफंड रहा है। सालाना आधार पर इसमें 46.74 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसी तरह से 17 सितंबर 2024 के दौरान कॉरपोरेट आयकर संग्रह 5,58,616 करोड़ रुपये रहा है जो पिछले वित्त वर्ष के 4,72,904 करोड़ रुपये की तुलना में 18.12 प्रतिशत अधिक है। इस अवधि में 1,06,053 करोड़ रुपये का कॉरपोरेट आयकर रिफंड रहा है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 63,538 करोड़ रुपये के रिफंड की तुलना में 67 प्रतिशत अधिक है।

## टीसीएस और मेकडोनल्ड की हिस्सेदारी से शेयरों में आई तेजी

मुंबई (ईएमएस)। देश की प्रमुख आईटी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने फिलीपींस में मैकडॉनल्ड्स के मास्टर फ्रैंचाइजी होल्डर गोल्डन आर्चेस डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (जीएडीसी) के साथ एक महत्वपूर्ण दो साल का अनुबंध किया है। इस साझेदारी का उद्देश्य फिलीपींस में 760 से अधिक मैकडॉनल्ड्स रेस्तरां के आईटी ऑपरेशंस को डिजिटाइज करना और उनका डिजिटल ट्रांजिशन सरल बनाना है। हालांकि इस सौदे की वित्तीय शर्तों के बारे में अभी कोई जानकारी नहीं दी गई है। इस घोषणा के बाद शुरुआती कारोबार में टीसीएस के शेयरों में 1.27 फीसदी की तेजी आई और कंपनी का शेयर गुरुवार को बीएसई पर 4402 रुपए पर कारोबार कर रहा था। फिलीपींस में गोल्डन आर्चेस डेवलपमेंट कॉरपोरेशन जिसे जॉर्ज यांग के नेतृत्व में संचालित किया जा रहा है, मैकडॉनल्ड्स रेस्तरां की मास्टर फ्रैंचाइजी होल्डर है। टीसीएस ने एक रेगुलेटरी फाइलिंग के माध्यम से इस साझेदारी की जानकारी दी। यह एशिया प्रशांत क्षेत्र में फास्ट-फूड इंडस्ट्री में टीसीएस की पहली बड़ी साझेदारी है। इस डील के तहत टीसीएस फिलीपींस में 760 से अधिक मैकडॉनल्ड्स रेस्तरां के मौजूदा आईटी सिस्टम को अपग्रेड करने और उन्हें क्लाउड पर शिफ्ट करने का काम करेगी। इसके परिणामस्वरूप कंपनी की कार्यकुशलता में सुधार होगा।

# देश में जस्ता की खपत अगले 10 वर्षों में 20 लाख टन बढ़ने का अनुमान



उदयपुर (ईएमएस)। अंतरराष्ट्रीय जस्ता संघ (आईजेडए) ने गुरुवार को कहा कि भारत की जस्ता की खपत अगले 10 वर्षों में मौजूदा 11 लाख टन से बढ़कर 20 लाख टन से अधिक होने का अनुमान है। हाल ही में जिंक कॉलेज 2024 कार्यक्रम के दौरान आईजेडए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि भारत में जस्ता की खपत व मांग 11 लाख टन है, जो भारत में वर्तमान उत्पादन से अधिक है। अगले 10 वर्षों में इसके 20 लाख टन से अधिक पहुंचने की संभावना है। यह एक अनुमान है। जिंक कॉलेज का आयोजन हर दो साल में अंतरराष्ट्रीय जस्ता संघ (आईजेडए) द्वारा सदस्य कंपनी के साथ साझेदारी में किया जाता है। उन्होंने कहा कि प्राथमिक उत्पादन के मामले में वैश्विक जस्ता बाजार करीब 1.35 करोड़ टन प्रति वर्ष है। एक बड़ा अंतर यह है कि अगर जस्ता के प्रति व्यक्ति उपयोग की बात करें तो वैश्विक औसत पर यह भारत में होने वाले उपयोग से करीब चार से पांच गुना अधिक है। उन्होंने बताया कि ऐसे कई क्षेत्र हैं जहां वैश्विक मानकों को पूरा करने के लिए जस्ता के उपयोग को बढ़ाने की जरूरत है। वैश्विक स्वचालन क्षेत्र में करीब 90 से 95 प्रतिशत गैल्वेनाइज्ड स्टील का इस्तेमाल किया जाता है। भारत में इस क्षेत्र में इस्पात को जंग से बचाने वाला जस्ता केवल 23 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि हम भारत में स्वचालन बाजार में गैल्वेनाइज्ड स्टील के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए काम कर रहे हैं, ताकि इसे विश्व के अन्य हिस्सों के बराबर लाया जा सके। उन्होंने कहा कि आईजेडए भारत में गैल्वेनाइज्ड रीबार के लिए मानक स्थापित करने पर भी काम कर रहा है।

## पीएनबी ने एमटीएनएल के ऋण खातों को एनपीए घोषित किया




नई दिल्ली (ईएमएस)। सार्वजनिक क्षेत्र की दूरसंचार कंपनी महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड (एमटीएनएल) ने कहा कि ब्याज और किस्त का भुगतान न करने के कारण पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के साथ उसके ऋण खाते को इस महीने गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) घोषित कर दिया गया है। एमटीएनएल ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि इस संबंध में पीएनबी का 13 सितंबर, 2024 का पत्र संलग्न है, जिसके अनुसार विभिन्न खातों में बकाया राशि लगभग 441 करोड़ रुपये है, जबकि 46 करोड़ रुपये से अधिक पिछला बकाया है। एमटीएनएल ने कहा कि ब्याज और किस्त का भुगतान न करने के कारण एमटीएनएल के कर्ज खातों को एनपीए घोषित कर दिया गया है।

## गरीब कल्याण अन्न योजना की कटौती आंशिक बहाल होगी

नई दिल्ली (ईएमएस)। केंद्र कीमत पर अंकुश लगाने के लिए प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) में गेहूं आवंटन में हुई कटौती को आंशिक रूप से बहाल करेगा। यह कदम कई राज्यों में महत्त्वपूर्ण चुनावों के मद्देनजर उठाया गया है। इस सिलसिले में कई राज्य लंबे समय से मांग भी कर रहे थे। खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने मोदी 3.0 सरकार की 100 दिनों की उपलब्धियां बताते हुए कहा कि मंत्रियों की समिति ने पीएमजीकेवाई के तहत अतिरिक्त 35 लाख टन गेहूं को मंजूरी दे दी है। चोपड़ा ने यह भी बताया कि केंद्र ने बैंकों के लिए 1000 करोड़ रुपये की क्रेडिट गारंटी योजना शुरू करने का फैसला किया है। इससे बैंकों को इलेक्ट्रॉनिक वेयरहाउस रिसीट्स (ईएनडब्ल्यूआर) पर ऋण देने में कोई रुकावट नहीं होगी।

# स्पाइसजेट को शेयर बेचने के लिए निवेशकों से मिली अच्छी प्रतिक्रिया

नई दिल्ली (ईएमएस)। स्पाइसजेट को पात्र संस्थागत खरीदारों से 3,000 करोड़ रुपये की शेयर बिक्री के लिए अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। कंपनी पर 601 करोड़ रुपये से अधिक का वैधानिक बकाया है। कम बेड़े के साथ काम करने के साथ-साथ वित्तीय और कानूनी बाधाओं का सामना कर रही स्पाइसजेट पैसा जुटाने पर विचार कर रहा है।

मामले से जुड़े सूत्रों ने कहा कि पात्र संस्थागत नियोजन को अधिक अभिदान मिला है। इसमें पारिवारिक कार्यालयों और संस्थागत कोषों सहित विभिन्न निवेशकों की भागीदारी है। एयरलाइन की ओर से फिलहाल कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं आई। एयरलाइन ने 3,000 करोड़ रुपये जुटाने से संबंधित प्रारंभिक दस्तावेज में कहा कि हमारी वित्तीय समस्याओं के कारण कंपनी मासिक आधार पर वैधानिक देनदारियों को पूरा करने में सक्षम नहीं है। दस्तावेज के अनुसार एयरलाइन ने अप्रैल, 2020 से अगस्त, 2023 तक 135 करोड़ रुपये से अधिक का भविष्य निधि भुगतान नहीं किया है। स्पाइसजेट के ऊपर 15 सितंबर तक कुल वैधानिक बकाया 601.5 करोड़ रुपये था। कंपनी शेयर बिक्री से प्राप्त आय का उपयोग बकाया चुकाने के लिए भी करेगी। कुल राशि में से, 297.5 करोड़ रुपये स्रोत पर कर कटौती (टीडीएस) से संबंधित हैं, 156.4 करोड़ रुपये कर्मचारियों के भविष्य निधि जमा और 145.1 करोड़ रुपये माल और सेवा कर (जीएसटी) से जुड़े हैं। बीएसई में स्पाइसजेट का शेयर बुधवार को 6.27 प्रतिशत की गिरावट के साथ 69.10 रुपये पर बंद हुआ।




# ओडिशा सरकार ने 39,271 करोड़ के निवेश प्रस्ताव को दी मंजूरी

भुवनेश्वर (ईएमएस)। ओडिशा सरकार ने 39,271 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों को मंजूरी दी है, जिससे विभिन्न क्षेत्रों में 17,098 लोगों को नौकरियों के मिलने की संभावना बढ़ गई है। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी की अध्यक्षता में हाल ही में हुई उच्च स्तरीय मंजूरी प्राधिकरण (एचएलसीए) की बैठक में निवेश प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। एचएलसीए ने 12 प्रमुख औद्योगिक परियोजनाओं को मंजूरी दी है। स्वीकृत परियोजनाओं में इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम डिजाइन व विनिर्माण (ईएसडीएम), इस्पात, मेटल डाउनस्ट्रीम, रसायन, सीमेंट, ग्रीन अमोनिया और रबर/प्लास्टिक शामिल हैं। ये परियोजनाएं आठ जिलों खुर्दा, ढेंकनाल, जगतसिंहपुर, कटक, संबलपुर, गंजम, बालासोर और क्योंझर में स्थापित की जाएंगी। मुख्यमंत्री माझी ने कहा कि नई सरकार के तहत यह हमारी पहली एचएलसीए बैठक है। हमारी सरकार ओडिशा में औद्योगिक विकास व आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देने वाले माहौल को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारा लक्ष्य ओडिशा को भारत में एक प्रमुख निवेश गंतव्य के रूप में स्थापित करना है। हमारा लक्ष्य अगले पांच वर्षों में विविध क्षेत्रों में उद्योगों को आकर्षित करना है जिससे ओडिशा भारत का औद्योगिक केंद्र बन सके। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ओडिशा को सबसे अधिक व्यापार-अनुकूल राज्यों में से एक बनाने के लिए विभिन्न उपायों को लागू कर रही है।



हिंदी दैनिक
# कोयलांचल संवाद
www.ksnewsupdates.com धनबाद, शुक्रवार, 20 सितम्बर, 2024, वर्ष : 33 अंक : 169, मूल्य : 2 रूपए
धनबाद एवं रांची से एक साथ प्रकाशित
YouTube Subscribe Koylanchal sambad news



हिंदी दैनिक

# कोयलांचल संवाद

www.ksnewsupdates.com धनबाद, शुक्रवार, 20 सितम्बर, 2024, वर्ष : 33 अंक : 169, मूल्य : 2 रुपए

धनबाद एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

YouTube Subscribe Koylanchal sambad news

## संक्षिप्त खबरें

### अमित शाह का रांची में कार्यक्रम एयरपोर्ट व होटल रेडिसन ब्लू नो फ्लाइंग जोन घोषित



रांची : केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह का 19 और 20 सितंबर को रांची में प्रस्तावित कार्यक्रम है. इसको लेकर राजधानी के कई इलाके को नो फ्लाइंग जोन घोषित किया गया है. सदर एसडीओ ने सुरक्षा की दृष्टिकोण से धारा 163 के तहत 19 सितंबर को सुबह 5 बजे से 20 सितंबर की रात 11 बजे तक बिरसा मुंडा एयरपोर्ट, हिनू चौक से राजेंद्र चौक, सुजाता चौक होते हुए होटल रेडिसन ब्लू की 200 मीटर की परिधि को नो फ्लाइंग जोन घोषित किया है. साथ ही इन क्षेत्रों में और इसके ऊपर ड्रोन, पैराग्लाइडिंग और हॉट एयर बलून पूर्णतः वर्जित रहेगी.

### पश्चिमी सिंहभूम में नक्सलियों ने की पोस्टरबाजी, पुलिस ने शुरू की जांच

पश्चिमी सिंहभूम (ईएमएस)।नक्सली संगठनों ने पश्चिमी सिंहभूम के किरीबुरू में पोस्टर बाजी की है।घटना की सूचना मिलते ही गुरुवार सुबह पुलिस ने पोस्टर को जब्त कर लिया है।उस पोस्टर में 21 सितंबर से 20 अक्टूबर 2024 तक पार्टी की दो दशकीय (20 वीं) वर्षगांठ पूरे क्रांतिकारी जोश व हर्षोल्लास के साथ मनाने और सफल करने की बात लिखी गयी है।साथ ही वर्ग संघर्ष एवं छापामार युद्ध को तेज व व्यापक करने को कहा गया है। निवेदक में पूर्वी रिजनल ब्यूरो (भाकपा माओवादी) लिखा गया है।जानकारी के अनुसार पश्चिमी सिंहभूम जिले के किरीबुरू थाना क्षेत्र अंतर्गत माइंस के शटल गेट आदि जगहों पर नक्सलियों ने पोस्टर छोड़ दिया था। इसकी पुष्टि किरीबुरू डीएसपी अजय केरकेट्टा ने भी की है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है।बता दें कि पिछले दिनों भाकपा माओवादी के पूर्वी रीजनल ब्यूरो प्रवक्ता संकेत ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा था कि भाकपा माओवादी नक्सली संगठनों ने 21 सितंबर से 20 अक्टूबर तक पूरे एक महीने पार्टी का 20 वां वर्षगांठ मनाने और केंद्र की मोदी सरकार के निर्देशन में चलाया जा रहा ऑपरेशन कगार को परास्त करने के लिए जनयुद्ध तेज करने का ऐलान किया था।उन्होंने कहा था कि 20 वर्षों का क्रांतिकारी संघर्ष आज युद्ध का रूप ले चुका है।भाकपा माओवादी के पूर्वी रीजनल ब्यूरो ने आगे कहा कि हमारी पार्टी भाकपा (माओवादी) के गठन के बाद पार्टी के नेतृत्व में भारतीय नव जनवादी क्रांतिकारी संघर्ष यानी दीर्घकालीन जनयुद्ध के दो दशक के सफर में कई उतार-चढ़ाव से गुजरते हुए आगे बढ़ रहा है।इस दौरान कई महत्वपूर्ण सफलताएं व उपलब्धियां हासिल हुई हैं। इधर, पोस्टरबाजी की घटना से पश्चिमी सिंहभूम जिला पुलिस भी अलर्ट पर है।

### पूर्व मंत्री आलमगीर आलम की बेल पर हाईकोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई

रांची : टेंडर घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी पूर्व मंत्री और कांग्रेस विधायक आलमगीर आलम की बेल पर शुक्रवार को झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई होगी. इससे पहले 9 अगस्त को रांची प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट की विशेष कोर्ट ने आलमगीर आलम की जमानत याचिका खारिज कर दी थी. जिसके बाद उन्होंने अपनी बेल के लिए हाईकोर्ट में गुहार लगायी है. बता दें कि आलमगीर आलम को ईडी ने पूछताछ के बाद 15 मई को गिरफ्तार किया था. वहीं ईडी इसी केस में राज्य के वरीय आईएएस अधिकारी मनीष रंजन से पूछताछ भी कर चुकी है. इस केस में आलमगीर आलम के ओएसडी रहे संजीव लाल और उसके सहयोगी जहांगीर आलम की भी गिरफ़्तारी हो चुकी है. इनके ठिकानों से एजेंसी ने 35 करोड़ रुपये से ज्यादा कैश बरामद किये थे.

### पूर्व पार्षद मनोरमा देवी के घर एनआईए की रेड

गया : गुरुवार को सुबह- सुबह बिहार के गया में पूर्व विधान पार्षद मनोरमा देवी के घर पर एनआईए की टीम ने रेड मारी। सुरक्षाबलों ने उनके घर को घेर लिया। एनआईए की टीम ने अंदर प्रवेश किया। सुबह से ही छापेमारी चल है। नक्सली गतिविधियों से तार जुड़े होने का सुराग मिलने की बात सामने आ रही है। जिला पुलिस की सहायता से ये छापेमारी एनआईए ने की है। बताया जा रहा है कि एनआईए ने गया पुलिस की मदद से यह छापेमारी की है। गया के एसएसपी आशीष भारती ने बताया कि एनआईए की टीम ने उनसे सहयोग मांगा था। इसके बाद ये छापेमारी की गई है। बता दें कि मनोरमा देवी बिहार विधान परिषद की सदस्य रह चुकी हैं। जदयू ने उन्हें एमएलसी बनाया था। मनोरमा देवी के पति दिवंगत बिंदेश्वरी प्रसाद उर्फ बिंदी यादव भी राजनीति में सक्रिय रहे थे।

### लोकतंत्र की मूल भावना पर कुठाराघात : सीएम हेमंत सोरेन

रांची : 'वन नेशन, वन इलेक्शन' के प्रस्ताव को मोदी कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है. इसके बाद से पक्ष और विपक्ष इस पर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं. झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी एक्स पर 'वन नेशन वन इलेक्शन'पर प्रतिक्रिया दी है. हेमंत सोरेन ने लिखा कि "एक देश एक चुनाव का प्रस्ताव लोकतंत्र की मूल भावना पर कुठाराघात है. यह हमारे संघीय ढांचे को कमजोर करने और राज्यों की स्वायत्तता को नष्ट करने का एक षड्यंत्र है. इस प्रस्ताव से लोगों की आवाज दबाई जायेगी और उनके मतदान के अधिकार का अपमान होगा. डिमोनेटाइजेशन की जन-विरोधी एवं असफल नीति की तरह ही यह कदम डी-डेमोक्रेटाइजेशन की तरफ धकेलने का प्रयास है. हम इस अलोकतांत्रिक कदम का पुरजोर विरोध करते हैं. एक अन्य पोस्ट में हेमंत सोरेन ने कहा कि वन नेशन वन इलेक्शन क्षेत्रीय मुद्दों को खत्म करने की भाजपा की चाल है. यह देश के संवैधानिक अधिकारों के साथ-साथ पारंपरिक आदिवासी स्वशासन व्यवस्था पर भी कुठाराघात है. झामुमो इसे हरगिज बर्दाश्त नहीं करेगा.

#### कैबिनेट की बैठक में कोविंद समिति की सिफारिशों को मिली मंजूरी

बता दें कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को 'वन नेशन वन इलेक्शन' पर कोविंद समिति की सिफारिशों को मंजूरी दे दी. 'वन नेशन वन इलेक्शन' को लेकर पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में गठित समिति ने 14 मार्च 2024 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपनी रिपोर्ट सौंपी थी. समिति का गठन 2 सितंबर 2023 को किया गया था. समिति ने 191 दिन तक राजनीतिक दलों तथा विभिन्न हितधारकों के साथ चर्चा के बाद 18,626 पन्नों की रिपोर्ट तैयार की. जिसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में कोविंद समिति की सिफारिशों को मंजूरी मिल गयी.

### मुख्यमंत्री गढ़वा जिला अंतर्गत मेराल में आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में हुए शामिल

# गढ़वा एवं लातेहार जिले को लगभग 1197 करोड़ 62 लाख रुपए की योजनाओं की दी सौगात

गढ़वा(ईएमएस)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि हमारा मकसद ना सिर्फ आपकी समस्याओं का समाधान करना है, बल्कि विकास में आपकी भागीदारी भी सुनिश्चित करनी है। इस कड़ी में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार एक मजबूत और बेहद कारगर कार्यक्रम साबित हो रहा है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन आज गढ़वा जिला अंतर्गत मेराल प्रखंड स्थित दुलदुलवा पंचायत में आयोजित आपकी योजना- आपकी सरकार- आपके द्वार कार्यक्रम को संबोधित करते हुए झारखंड के नवनिर्माण की प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने इस बात पर जोर देते हुए कहा कि उनकी सरकार रांची हेडक्वार्टर से नहीं बल्कि गांव और देहात से चल रही है ताकि सरकार और जनता के बीच सीधा संपर्क बना रहे।मुख्यमंत्री ने कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत गांव -पंचायत एवं टोला- मोहल्ला में विशेष शिविर लगाए जा रहे हैं । बीडीओ- सीओ जैसे जिन अधिकारियों को आपने कभी देखा नहीं, वे आपके दरवाजे पर आकर सरकार की योजनाओं से आपको जोड़ने का काम कर रहे हैं। मैं भी विभिन्न जिलों में आयोजित हो रहे विशेष शिविरों में लगातार शामिल हो रहा हूं, ताकि आपके साथ सीधा संवाद करने के साथ सरकार की योजनाओं की



हकीकत को जान सकूं।मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार हर कदम पर आपकी साथ खड़ी है। चाहे कोविड का वह भयावह दौर हो या आज पूरे मान- सम्मान के साथ आपको हक- अधिकार देने की बात। सरकार हर मोर्चे पर आपको आगे बढ़ाने का प्रयास कर रही है। मैं आपको भरोसा दिलाता हूं कि अगले 5 वर्षों में हर घर में हर वर्ष एक लाख रुपया पहुंचाएंगे। हम आपको इतना सशक्त बनाएंगे कि किसी के आगे हाथ फैलाने की जरूरत नहीं होगी। बस जिस तरह आप हमारा सहयोग करते आ रहे हैं, आगे भी अपना आशीर्वाद बनाए रखें, ताकि आपके लिए और मजबूती के साथ काम करने की ताकत हमें मिले।मुख्यमंत्री ने कहा कि नारी सशक्तिकरण हमारी प्रतिबद्धता है। इस कड़ी में झारखंड मुख्यमंत्री मंइयाँ सम्मान योजना के माध्यम से हम आधी आबादी को मान- सम्मान देने का काम कर रहे हैं। आज 18 वर्ष से 50 वर्ष तक की लगभग 50 लाख माताओं और बहन -बेटियों को हर महीने एक हज़ार रुपए समान राशि दे रहे हैं । इनके खाते में दूसरी किस्त की भी राशि भेजी जा चुकी है। मैं आपको भरोसा दिलाना चाहता हूं कि यह योजना निरंतर चलेगी, ताकि इस राज्य की बहन- बेटियों को सशक्त बनाने की दिशा में और मजबूती के साथ आगे बढ़ सकें।मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों की आय में बढ़ोतरी के लिए सरकार कई योजनाएं लेकर आई है। इस कड़ी में बिरसा हरित ग्राम योजना,दीदी -बाड़ी योजना, नीलांबर- पीतांबर जल समृद्धि योजना जैसी योजनाओं से जुड़ने के लिए किसानों को प्रोत्साहित कर रहे हैं ताकि वे वैकल्पिक खेती के लिए आगे आएं, ताकि उनकी आय में बढ़ोतरी कर सकें।मुख्यमंत्री ने कहा कि कोई भी राज्य तभी आगे बढ़ेगा, जब समाज में किसी तरह का कोई बिखराव नहीं होगा। सभी मिल- जुलकर रहेंगे और समाज तथा राज्य के विकास में अपना योगदान देंगे।मैं आपसे कहना चाहता हूं कि आपको दिग्भ्रमित कर समाज को जो तोड़ना चाह रहे हैं, उससे ना सिर्फ सतर्क तथा सावधान रहें बल्कि करारा जवाब भी दें।मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के आदिवासी -मूलवासी, दलित, पिछड़ा, गरीब, बूढ़े- बुजुर्ग, महिला, नौजवान और बच्चे बच्चियों को आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं। आज कोई भी बूढ़ा -बुजुर्ग बिना पेंशन के नहीं है। 50 लाख महिलाओं को सम्मान राशि मिल रहा है ।बच्चियों को पढ़ाने की जिम्मेदारी सरकार उठा रही है। युवाओं को सरकारी नौकरी और स्वरोजगार से जोड़ने की दिशा में लगातार काम हो रहा है । नौकरियों में स्थानियों की बहाली हो रही है। गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना के तहत विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए 15 लाख रुपए तक का शिक्षा लोन दिया जा रहा है। सभी कोटि के सरकारी कर्मियों की समस्याओं तथा मांगों को पूरा कर उनका मनोबल बढ़ा रहे हैं। राज्य के 20 लाख गरीबों को अबुआ आवास दे रहे हैं । राज्य के छात्रावासों का जीर्णोद्धार हो रहा है, जहां विद्यार्थियों को मुफ्त भोजन की व्यवस्था की जा रही है । किसानों के दो लाख रुपए तक के लोन माफ कर दिए गए हैं।बिजली उपभोक्ताओं को 200 यूनिट मुफ्त बिजली के साथ बकाया बिल माफ कर दिया गया है। हमारी सरकार की ऐसी अनेकों योजनाएं हैं, जिनके मार्फत राज्य के हर वर्ग और तबके को सशक्त बना रहे हैं ।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर गढ़वा एवं लातेहार जिले को लगभग 1197 करोड़ 62 लाख रुपए की 748 योजनाओं का तोहफा दिया। इसमें गढ़वा जिला अंतर्गत 732 करोड़ 50 लाख 37 हज़ार 800 रूपए की 113 योजनाओं का शिलान्यास तथा 260 करोड़ 92 लाख 61 हज़ार रुपए की 22 योजनाओं का उद्घाटन शामिल है। जबकि लातेहार जिले में 109 करोड़ 22 लाख 16 हज़ार 368 रूपए की 144 योजनाओं का शिलान्यास एवं 94 करोड़ 98 लाख 22 हज़ार 924 रुपए की 469 योजनाओं का उद्घाटन संपन्न हुआ। इस अवसर पर गढ़वा जिले के 25044 लाभुकों के बीच 38 करोड़ 94 लाख 15 हज़ार 800 रुपए एवं लातेहार जिले के 197184 लाभुकों के बीच 167 करोड़ 14 लाख 6 हजार 904 रुपए की परिसंपत्तियां बांटी गई। मुख्यमंत्री ने इस कार्यक्रम में लातेहार जिले के लिए 54 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपा।कार्यक्रम में मंत्री सत्यानन्द भोक्ता, मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, विधायक रामचंद्र सिंह, जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, पलामू प्रमण्डल के आयुक्त बाल किशुन मुंडा, पुलिस उप महानिरीक्षक वाई एस रमेश तथा गढ़वा एवं लातेहार जिले के उपायुक्त तथा पुलिस अधीक्षक समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## चाईबासा में नक्सलियों ने किया आईईडी ब्लास्ट एक जवान घायल, रांची में चल रहा है इलाज

पश्चिमी सिंहभूम (ईएमएस)। चाईबासा में नक्सलियों ने एक बार फिर बड़ी घटना को अंजाम दिया है।गुरुवार की सुबह 7.20 बजे सारंडा जंगल के इलाके में आईईडी ब्लास्ट की चपेट में आने से एक 209 कोबरा बटालियन का जवान घायल हो गया है। उन्हें एयरलिफ्ट कर रांची लाया गया,फिलहाल घायल जवान का इलाज रांची में चल रहा है। मामला छोटानागरा थाना क्षेत्र के बाबुडेरा की है। इन नक्सलियों के जंगल में छिपे होने की थी आशंका नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के दौरान ये घटना हुई है। दरअसल पुलिस को ये सूचना मिली थी कि प्रतिबंधित संगठन भाकपा माओवादियों के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा अपने दस्ते के सदस्यों के साथ कोल्हान के सारंडा जंगल के क्षेत्र में भ्रमणशील है। इसके बाद सुरक्षा बलों के जवानों ने छोटानागरा और जराईकेला के सीमावर्ती वाले जंगल में संयुक्त अभियान चलाया।जंगल में माओवादियों ने नक्सलियों को




नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से पहले ही आईईडी लगा रखा था। जिसकी चपेट में आने से एक जवान घायल हो गया।घटना के बाद उन्हें तुरंत एयरलिफ्ट कर रांची भेजा गया। बताया जा रहा है कि नक्सली अब भी जंगल में छिपे हुए हैं।इस वजह से सुरक्षाबलों ने इस अभियान को तेज कर दिया है। अधिकारी पूरी तरह से अलर्ट मोड में हैं।हाल के दिनों में नक्सलियों के खिलाफ कई अभियान चलाया गया है।उनके खिलाफ पुलिस को बड़ी सफलता भी मिली है। जुलाई में ही नक्सलियों और जवानों के बीच मुठभेड़ हुआ था। जब नक्सलियों का संगठन कमजोर पड़ा तो वे जंगल का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे।इस दौरान जवानों को भारी मात्रा में हथियार बरामद हुआ था।नक्सली नेता मिसिर बेसरा, मोछू, अनल, अनमोल, अशिवन, पिंटू लोहरा, चंदन लोहार, अमित हांसदा उर्फ अपटन समेत अन्य के सारंडा और कोल्हान जंगल में छिपे होने की सूचना है। इसके मद्देनजर सारंडा जंगल की घेराबंदी कर दी गयी।जवानों ने सारंडा में छोटानागरा थाना क्षेत्र के छोटानागरा, कोलाइबुरु, हतनाबुरु, मांगपोंगा, उसरुईया, बालिबा, कुदलीबाद, होलोंगउली, थोलकोबाद तथा जराईकेला थाना क्षेत्र के तिरिलपोसी, दीघा, सागजुडी आदि इलाकों के जंगल को घेर दिया।पश्चिमी सिंहभूम के सारंडा, कोल्हान और पोड़ाहाट के जंगलों में कई बड़े नक्सली नेताओं के छिपे होने की सुचना पुलिस को है।जिसको लेकर सुरक्षाबल के जवान लगातार नक्सल विरोधी अभियान इन जंगलों में चला रहे हैं। इन जंगलों में शांति कायम कर क्षेत्र को नक्सल मुक्त करने की बड़ी जिम्मेदारी सुरक्षाबलों के कंधों पर है। नक्सल विरोधी अभियान की वजह से माओवादियों का दस्ता लगातार हमला कर रहा है। जिससे कई जवान अब तक जख्मी हो चुके हैं।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पहुंची रांची

### राज्यपाल-सीएम ने किया स्वागत



रांची (ईएमएस)।धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पावन भूमि झारखंड आगमन पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का बिरसा मुंडा हवाई अड्डा, रांची परिसर में स्वागत एवं अभिनंदन राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार एवं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने किया। इन्होंने गुलदस्ता एवं अंगवस्त्र देकर राष्ट्रपति का अभिनंदन किया।यहां बता दें कि राष्ट्रपति 20 सितंबर को रांची के नामकुम स्थित इंडियन कौंसिल ऑफ एग्रीकल्चर रिसर्च के कार्यक्रम में शामिल होंगी। राष्ट्रपति का काफिला जिस मार्ग से गुजरेगा, वहां पर तीन लेयर की सुरक्षा रहेगी।राष्ट्रपति की सुरक्षा में छह आईपीएस के अलावा 10 डीएसपी, 25 इंस्पेक्टर, 20 दारोगा, दो हजार से अधिक अतिरिक्त जवानों की तैनाती की गई है. साथ ही सुरक्षा में बम निरोधक दस्ता, जैप, आईआरबी, रैफ और जगुआर की टीम को भी तैनात किया गया। कार्यक्रम स्थल के आसपास अवैध पार्किंग वर्जित रहेगा. कार्यक्रम स्थल में सिर्फ पास युक्त लोगों को ही प्रवेश करने दिया जाएगा।

### वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने कहा

# आत्मनिर्भरता का मतलब अपनी आंतरिक क्षमताओं को बढ़ाना

नई दिल्ली : वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने गुरुवार को कहा कि आत्मनिर्भर होने का मतलब अलग-थलग होने से नहीं जुड़ा है। बल्किन यह बाहरी चुनौतियों का सामना करने के लिए खुद की आतंरिक क्षमताओं को मजबूत करने के लिए है। चौधरी ने कहा कि भारत को रक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने के लिए अलग-अलग क्षेत्रों में समग्र दृष्टिकोण अपनाना होगा।

भारत शक्ति डिफेंस कॉन्क्लेव में संबोधन के दौरान वायुसेना प्रमुख ने कहा कि आज देश कई आधुनिक खतरों को देख रहे हैं और यह पारंपरिक सैन्य या आर्थिक जोखिम से अलग हैं। उन्होंने कहा कि यह खतरे अधिकतर जटिल, अंतरदेशीय और बहुआयामी होते हैं। इसी के साथ हाइब्रिड युद्ध प्रणाली का भी उदय हो रहा है, जिससे पारंपरिक सैन्य आक्रामकता को मिलाकर साइबर हमले, गलत जानकारियां



और आर्थिक दबाव बनाए जा रहे हैं। एयर चीफ मार्शल ने कहा कि भारत के लिए इन चुनौतियों को सामना करने का सबसे ताकतवर और प्रभावी तरीका सहयोग का है। उन्होंने कहा, "उद्योग, एकेडमिया, मित्र देश और उभरते हुए बाजारों से सहयोग बढ़ाना ही इन मुश्किल समय में आगे जाने में काम आएगा। जैसे भारत इन चुनौतियों का सामना करता जाएगा अहम आधारभूत ढांचे, तकनीक, रक्षा क्षमताओं के लिए बाहरी स्त्रोतों पर निर्भरता कमजोरियां पैदा कर सकती हैं।" उन्होंने कहा, "मेरे हिसाब से आत्मनिर्भरता में एक मजबूत घरेलू उद्योग खड़ा करना, उन्नयन में निवेश करना, अहम इन्फ्रास्ट्रक्चर को सुरक्षित करना और बाहरी प्रभावों से पैदा हो सकने वाली कमजोरियों को दूर करना अहम है।"

## बिहार के नवादा में दबंगों ने ताबड़तोड़ फायरिंग के बाद 80 घरों में लगाई आग



नवादा : बिहार के नवादा जिले में जमीन विवाद को लेकर दबंगों ने दलित बस्ती में आग लगा दी. गांव के लोगों का दावा है कि करीब 80 घर इस आग में जलकर खाक हो गए. हालांकि पुलिस का कहना है कि 20 घर ही आग में जले हैं और इस घटना में किसी की मौत नहीं हुई है. इस मामले में पुलिस ने 10 आरोपियों को गिरफ्तार भी कर लिया है. वहीं आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने इस घटना पर नीतीश सरकार को घेरा है. यह घटना नवादा के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के ननौरा के पास स्थित कृष्णा नगर दलित बस्ती की है. यहां दो पक्षों में जमीन को लेकर विवाद चल रहा था. जिसको लेकर बुधवार की शाम दबंगों ने दलित परिवारों के साथ मारपीट की थी और फिर हवाई फायरिंग के बाद उनके घरों को आग के हवाले कर दिया. बताया जा रहा है कि गांव में जमीन के एक हिस्से पर फिलहाल दलित परिवारों का कब्जा है. इस जमीन पर कब्जे को लेकर दूसरे पक्ष से विवाद चल रहा है. मामले की सुनवाई वरिष्ठ अधिकारियों के पास चल रही है. पीड़ित परिवारों का आरोप है कि बुधवार की शाम अचानक दबंगों ने हमला कर दिया. मारपीट के साथ उनके घरों में आग लगा दी गई. आग लगने की सूचना मिलने के बाद फायर ब्रिगेड को भेजा गया है.

# संपादकीय

## कोयलांचल संवाद

### पत्रवार के इस दौर में कोई पिछड़ तो नहीं रहा

एक समय था जब पत्राचार कुशलक्षेम जानने से लेकर प्रेम और स्नेह को जतलाने के लिए किया जाता था। इससे पहले राजा-महाराजाओं के समय में संधी या युद्ध की धमकी के लिए पत्रों का अदान-प्रदान होता था। खास बात यह है कि तब पत्र जिसे लिखा जाता था वही पत्र का जवाब देता था, भले ही वह पढ़ा-लिखा हो या न हो। अब चूंकि दुनियां अत्याधुनिक दौर में प्रवेश कर चुकी है। अब कागज व कलम-दवात की जगह इंटरनेट के साथ ही कंम्प्यूटर, लेपटॉप व मोबाईल जैसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से संदेशों का अदान-प्रदान ज्यादा होने लगा है। ऐसे में समय की बचत के साथ ही पत्र सही जगह पहुंचेगा या नहीं इसकी समस्या भी अब जाती रही है। बावजूद इसके राजनीतिक गलियारे में पत्रवार या पत्रों की सियासी जंग जारी है। इस पत्रवार में एक बात जरुर देखने को मिल रही है कि जिसे पत्र लिखा जाता है, वह जवाब दे या न दे, लेकिन दूसरे लोग उसके जवाब में लंबा-चौड़ा पत्र लिखकर सामने वाले को पस्त करने में कोई कोर-कसर बाकी नहीं रख रहे हैं। यकीन नहीं आता तो कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लिखे गए पत्र के जवाब में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के पत्र को ही देख लें। वैसे भी भारतीय राजनीति उस दौर में है जहां भाषा और सुचिता का कोई मेल ही नहीं है। जिसके जो मर्जी आता है बोल देता है। इससे लोकतंत्र भी आहत होता है। ऐसी भाषा जो दूसरों को आहत करे, लोगों को मरने-मारने पर उतारु कर दे, इसका अहिंसावादी देश भारत में क्या काम हो सकता है? लेकिन ऐसी भाषा का इस्तेमाल सियासी गलियारे में खूब हो रहा है। जिसे रोकने की जिम्मेदारी सत्ता पक्ष और विपक्ष के शीर्ष नेतृत्व की है। इससे इंकार नहीं किया जा सकता, लेकिन देखने में आ रहा है कि इसे रोकना तो दूर बढ़ाने के प्रयास ज्यादा हो रहे हैं।

दरअसल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कांग्रेस के राज्यसभा सांसद और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने जो पत्र लिखा उसमें उन्होंने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को एनडीए नेताओं के द्वारा आतंकवादी कहे जाने पर आपत्ति दर्ज कराते हुए इस तरह के बयानों पर लगाम लगाए जाने की बात कही। पत्र में उन्होंने लिखा कि, मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ध्यान एनडीए नेताओं द्वारा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ की गई असभ्य टिप्पणियों की ओर आकर्षित करना चाहता हूं...। मैं आपसे आग्रह करता हूं कि अनुशासन और शिष्टाचार के जरिए ऐसे नेताओं पर लगाम लगाएं...ऐसे बयानों के लिए सख्त कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए ताकि भारत की राजनीति को पतन की ओर जाने से रोका जा सके। कांग्रेस अध्यक्ष ने अपने पत्र की भाषा को संयमित रखा। पर इससे क्या, क्योंकि उन नेताओं को बोलने का अवसर तो मिल ही गया, जो हर मुद्दे पर अपनी राय रख कर देश और दुनियां का ध्यान अपनी ओर खींचना चाहते हैं, ताकि उनकी राजनीति किसी भी कीमत पर चमकती रहे। कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे के पत्र का जवाब प्रधानमंत्री ने फिलहाल तो नहीं दिया, लेकिन भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने एक लंबा पत्र बतौर जवाब लिखा और सख्त लहजे में बतला दिया कि कांग्रेस और उसके नेता यथार्थ और सत्य से कोसों दूर हैं। पत्र के जवाब में सवाल करते हुए भाजपा अध्यक्ष ने पूछा कि क्या आप राहुल गांधी की करतूत भूल गए? राहुल गांधी जाति जनगणना और आरक्षण के नाम पर भड़का रहे हैं। यही नहीं राहुल गांधी ने कई बार पीएम मोदी का अपमान किया। सोनिया गांधी ने तो पीएम को मौत का सौदागर कहा था। नड्डा ने पत्र में कहा है कि कांग्रेस ने कई बार पीएम का अपमान किया है। कांग्रेस ने देश को शर्मसार किया है।

बात इतनी सी है कि भूतपूर्व नेताओं और वर्तमान नेताओं को अपशब्द कहने से बचा जाना चाहिए, फिर चाहे वह सत्ता पक्ष हो या विपक्ष। पर सभी जानते हैं कि ऐसा करना मुमकिन नहीं है। दरअसल इस कलयुग की राजनीति रसातल की ओर जा रही है। जहां चुनाव जीतना मुख्य लक्ष्य है। इसके लिए तमाम लोकतांत्रिक मूल्य और लाज-शर्म ताक पर रख मैदान मार लेना ही वीरता की निशानी मानी जाती है। आज की राजनीति साम, दाम, दंड-भेद से आगे बढ़ चुकी है, जहां सब जायज है, बशर्ते जीत तय हो। ऐसे में पत्रवार होना कोई बड़ी बात तो नहीं है। बावजूद इसके कहना तो यही है कि पत्रवार नहीं बल्कि स्वस्थ पत्राचार होना चाहिए, जिससे देश की अन्य मूल-भूत और संकट पैदा करने वाली बड़ी समस्याओं का निदान निकल सके। भारत को विश्वगुरु बनाने के लिए समृद्धि आवश्यक है और यह तभी संभव है, जबकि अनेकता में एकता फलिभूत हो। जिस प्रकार बड़ी लाइन को मिटाकर छोटी लाइन को बड़ा नहीं किया जा सकता, ठीक उसी प्रकार किसी के चरित्र का हनन करके अपने दागदार दामन को उजला नहीं किया जा सकता है। यह समझने वाली बात है कि जब दूसरे पर आप एक अंगुली उठाते हैं तो बाकी उंगलियां आपकी अपनी ओर हो जाती हैं। मतलब साफ है कि ऐसे तमाम बयानों और भाषणों पर रोक लगना चाहिए जिससे किसी का चिरहरण होता हो और कब्र खोदने की बातें की जाती हों, क्योंकि हिंसा तो हिंसा होती है, फिर चाहे वह शारीरिक तौर पर की गई हो या जुबानी या पत्र लिखकर की जा रही हो। लोकतंत्र में इसे किंचित भी प्रवेश नहीं मिलना चाहिए। अंततः इस पत्रवार को यहीं रोकें और पत्राचार से समस्या का समाधान निकालें, जिसकी देश को दरकार है।

## सरदार पटेल ने मैत्री व वफादारी के आश्वासन दिया था नेहरू को

**एल.एस. हरदेनिया**

सरदार वल्लभभाई पटेल द्वारा 28 मार्च 1950 को जवाहरलाल नेहरू को लिखे गए पत्र के कुछ अंश, जिनमें वे नेहरूजी को अपनी पूरी वफादारी और मैत्री का आश्वासन देते हैं जो आपने बापू की मृत्यु के पहले लिखा वह मेरे मस्तिष्क में भी प्रभावशाली रूप में दिख रहा है। परंतु मेरी बापू के साथ जो बातचीत हुई थी और उस बातचीत में उन्होंने अपनी राय प्रकट की थी वह बहुत महत्वपूर्ण है। बापू ने कहा था कि मैं और तुम मिलकर काम करें। क्योंकि यदि हम ऐसा नहीं करेंगे तो वह कदापि देश के हित में नहीं होगा। मैंने पूरी कोशिश की है कि मैं बापू के इन अंतिम शब्दों के अनुसार चलने की कोशिश करूं। बापू के इन शब्दों को याद करते हुए मैंने पूरी कोशिश की है कि मैं आपके हाथों को मजबूत करूं। ऐसा मैंने जितना संभव हो सकता है वह किया। ऐसा करते हुए मैंने अपने विचारों को हर संभव ढंग से बताने की कोशिश की। मैंने तुम्हें पूरी वफादारी के साथ समर्थन किया। ऐसा करते समय मैंने अपने पर पूरा नियंत्रण रखा। इन पिछले दो वर्षों में मैंने ऐसा कोई भी रास्ता नहीं अपनाया जो तुम्हारे द्वारा अपनाई गई नीति के विरूद्ध हो। इस दरम्यान मेरे और तुम्हारे बीच में कुछ मतभेद भी हुए। इस तरह के मतभेद स्वभाविक हैं। परंतु इन मतभेदों के बावजूद हमने मिलाजुला रास्ता अपनाया। इस दरम्यान अपने विचारों को स्पष्ट रूप से बताते हुए मैंने कोई भी ऐसा काम नहीं किया जो तुम्हारे द्वारा निर्धारित नीतियों के विरूद्ध हो। जहां तक हमारे बीच कुछ मतभेदों का सवाल है मुझे ऐसा याद नहीं पड़ रहा है जो सेक्युलर उद्देश्यों के विरूद्ध हो। मैं यह कहने की स्थिति में हूँ कि हम दोनों के बीच इस मुद्दे पर कभी मतभेद हुआ हो। मैं भी पूरी तरह इस राय का हूँ कि अल्पसंख्यकों को पूरा संरक्षण दिया जाये और उनके विरूद्ध की जाने वाली हिंसा जो हमारे देश के भीतर हो या बाहर हो, हम पूरी तरह से उसकी भर्त्सना करें और उसे रोकें। जहां तक विदेश नीति का सवाल है मुझे याद नहीं पड़ता कि इस मामले में मैंने कभी भिन्न मत जारी किया हो, सिवाए उस समय जब कैबिनेट में ऐसे किसी विषय पर चर्चा हुई हो। मैंने ऐसी राय से तुमको अवगत कराया है। वह भी कुछ विशेष नीति के संदर्भ में। शायद मैं यह कहने की स्थिति में हूँ कि विदेशी मामलों में मैंने तुम्हारी नीति में किसी किस्म की बाधा पहुंचाई हो। यह संभव है कि हमने प्रायवेट तौर पर किसी विशेष मामले में तुमसे असहमति प्रगट की हो, पर वह असहमति एक विशेष मुद्दे तक ही सीमित रही। परंतु मैं सोचता हूं कि तुम भी इस राय के हो कि प्रायवेट में भी असहमति जाहिर न करें।

मैं भी इस राय का हूं कि हमारे मिलेजुले कदम देश की प्रगति के लिये आवश्यक हैं। सच पूछा जाये तो बापू ने जो 1948 के जनवरी माह में कहा था वो आज भी पूरी तरह से उचित है। इसलिये मैंने उस संदर्भ में तुमसे अपील की थी कि तुम कोई भी ऐसा कदम न उठाओ जिसमें पद को छोड़ने की संभावना हो। क्योंकि ऐसा कोई भी कदम कदापि राष्ट्र के हित में नहीं होगा। इस तरह का कोई भी कदम देश के लिए पूरी तरह हानिप्रद होगा और इसलिए मैं सदा सोचता रहा हूं कि मुझे तुम्हारा पूरा विश्वास प्राप्त है। मेरी कदापि यह इच्छा नहीं है कि मैं किसी पद पर रहूं, यदि मैं बापू द्वारा दिये गये मिशन को पूरा करने की स्थिति में नहीं हूं। बापू ने मुझे स्पष्ट कहा था कि मैं तुम्हारे हाथों को मजबूत करूं और मैं गलती से भी यह बात महसूस करने कि स्थिति में नहीं हूँ कि तुम्हारे प्रति मेरी वफादारी नहीं है, या तुम यह सोचो कि तुम्हारे द्वारा बनाई गई नीतियों के पालन में मैं किसी किस्म का रोड़ा बन रहा हूं।

# विपक्ष पर दबाव का केजरीवाली आतिशी दांव

**ललित गर्ग**

अरविंद केजरीवाल राजनीति के चतुर खिलाड़ी हैं। उन्होंने राजनीति में कुछ मौलिक प्रतिस्थापनाएं की है, बने-बनाये रास्तों पर न चलकर नये रास्ते इजाद किये हैं। वे संकटों को अवसर में बदलने वाले करिश्माई व्यक्तित्व भी हैं। उनकी राजनीति अनेक विरोधाभासों एवं विसंगतियों से भरी रही है, उनके व्यवहार एवं वचनों में विरोधाभास स्पष्ट परिलक्षित होते रहे हैं, लेकिन ये ही विरोधाभास उनकी राजनीतिक चमक का कारण भी बने हैं। क्योंकि राजनीति में सब जायज माना जाता है। सर्वोच्च न्यायालय से सशर्त जमानत मिलने से खुद को बंधा महसूस करते हुए उन्होंने इस्तीफे का धारदार दांव चलाकर राजनीतिक जगत में एक हलचल पैदा कर दी। वहीं पार्टी में संभावनाओं भरे अनेक चेहरों के होने के बावजूद उन्होंने आतिशी को दिल्ली का मुख्यमंत्री बनाया, जबकि वह वरिष्ठता क्रम में निचले पायदान पर खड़ी थी, लेकिन केजरीवाल ऐसे चौंकाने वाले फैसले पहले भी लेते रहे हैं। लेकिन इस तरह वे जनादेश का मज़ाक भी बनाते रहे हैं तो संवैधानिक स्थितियों की धता भी करते रहे हैं। अरविंद केजरीवाल साहस के कदम एवं चतुराई की आंख लेकर परम्परागत राजनीति की जंजीरों को तोड़कर आगे निकलते रहे हैं। संभावनाएं की जा रही थी कि केजरीवाल आम आदमी पार्टी के किसी वरिष्ठ नेता को मुख्यमंत्री बना सकते हैं। अधिक संभावनाएं उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल को मुख्यमंत्री बनाये जाने की थी। क्योंकि क्षेत्रीय दलों में किसी राजनीतिक या कानूनी संकट के चलते परिवार के ही किसी सदस्य को सत्ता की बागडोर सौंप देने परंपरा रही है। ताकि स्थितियां सामान्य होने पर फिर मुख्यमंत्री की गद्दी आसानी से वापस ली जा सके। इसके अनेक उदाहरण है, जिनमें बिहार में चारा घोटाले में घिरने के बाद लालू यादव ने पत्नी राबड़ी देवी को सत्ता की बागडोर सौंपी थी। बहरहाल, केजरीवाल ने जेल से बाहर आते ही अपने तरकश से जो तीर चले हैं, उनकी धार एवं तीक्ष्णता को महसूस किया जा सकता है। इन तीरों से हरियाणा व जम्मू कश्मीर चुनाव समेत अन्य राष्ट्रीय मुद्दों में उलझी भाजपा व कांग्रेस पर केजरीवाल ने मनोवैज्ञानिक राजनीतिक दबाव तो बना ही दिया है। हरियाणा में स्वतंत्र चुनाव लड़ने का निर्णय लेकर उन्होंने सत्ता के गठन में स्वयं को एक ताकतवर मोहरे के रूप में प्रस्तुत करने का चतुराई भरा खेल भी खेला है। दिल्ली में भी उन्होंने अपनी निस्तेज होती स्थितियों को मजबूती दी है। दरअसल, केजरीवाल भ्रष्टाचार के विरोध में आन्दोलन के योद्धा के रूप में वर्ष 2014 के इस्तीफे के दांव की तरह 2015 में आम आदमी पार्टी को मिली भारी जीत का अध्याय दोहरा देना चाहते हैं। लेकिन इस बार की स्थितियां खुद भ्रष्टाचार में लिप्त होने से खासी चुनौतीपूर्ण व जोखिमभरी हैं। निस्संदेह, यह दांव मुश्किल भी पैदा कर सकता है क्योंकि पिछले लोकसभा चुनाव में पार्टी को एक भी सीट नहीं मिली थी। भले ही केजरीवाल अपने को, समय को पहचानने वाला साबित कर रहे हो, लेकिन वे अपने देश को, अपने पैरों की जमीन को एवं राजनीतिक मूल्यों को नहीं पहचान रहे हैं। 'आप' की राजनीति नियति भी विसंगति का खेल खेलती रहती है। पहले जेल जाने वालों को कुर्सी मिलती थी, अब कुर्सी वाले वाले जेल जा रहे हैं। यह नियति का व्यंग्य है या सबक? आप के शीर्ष नेताओं के लिये पहले श्रद्धा से सिर झुकता था अब शर्म से सिर झुकता है। कैसे आप की राजनीति इस शर्म के साथ जनता से मुखातिब होगी और जनता क्या जबाव देगी, यह भविष्य के गर्भ में है। जिन अप्रत्याशित हालात में एवं बहुत कम समय के लिये आतिशी को दिल्ली का मुख्यमंत्री बनाया गया है, वे बेहद चुनौतीपूर्ण हैं। विधानसभा चुनावों से ठीक पहले राज्य में नेतृत्व परिवर्तन के कई उदाहरण हाल के वर्षों में दिखे हैं, लेकिन यह मामला उन सबसे अलग है। पिछले करीब दो साल न केवल आम आदमी पार्टी के लिए बल्कि दिल्ली सरकार के लिए भी इस मायने में चुनौतीपूर्ण रहे कि एक-एक कर उसके कई बड़े नेता और मंत्री जेल भेज दिए गए। दिल्ली का विकास मुफ्त की संस्कृति की भेट चढ़कर विकास को अवरुद्ध किये हुए हैं। मुख्यमंत्री केजरीवाल के जेल जाने के बाद संकट और गहराया। इन संकटपूर्ण हालातों में आतिशी ने पार्टी का प्रभावशाली ढंग से बचाव किया। उन्होंने सौरभ भारद्वाज और अन्य साथियों के साथ मिलकर सड़क से लेकर मीडिया तक आम आदमी पार्टी की जंग लड़ी, उससे कार्यकर्ताओं में उनकी एक जुझारू छवि बनी है। ऐसे में, उनसे उम्मीदें भी बढ़ गई हैं। क्या अतिशी अपने राजनीतिक कौशल से यह पद पाया है या वे केजरीवाल की राजनीति का एक मोहरा-भर बनी है? उनके हिस्से में यह पद तब आया जब पार्टी के दो सबसे बड़े नेताओं-अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया-ने कह दिया कि वे नए सिरे से जनादेश हासिल करने के बाद ही पद पर बैठेंगे। अगर पार्टी जनादेश हासिल नहीं कर पाती तब तो उन्हें पद छोड़ना ही पड़ेगा, अगर पार्टी चुनाव जीतती है तब भी मुख्यमंत्री पद से उनका हटना लगभग तय है। इन स्थितियों में कांटोंभरा ताज पहनकर उनके कामकाज एवं प्रभावी नेतृत्व का क्या औचित्य है? अतिशी एक वफादार एवं जिम्मेदार नेता के रूप में अपनी छाप छोड़ने में कामयाब रही है। पार्टी के लिये उनके समर्पण एवं अटूट निष्ठा की मुद्रा विधायक दल की नेता चुने जाने के वक्त भी सामने आयी, जब आतिशी ने सार्वजनिक रूप से यह कहा कि वह सिर्फ अगले चुनाव तक पदभार संभाल रही हैं, पार्टी के भीतर किसी नए केंद्र की आशंका को तिरोहित करना तो है ही, कहीं न कहीं यह वरिष्ठ नेताओं की आहत महत्वाकांक्षाओं पर मरहम रखना भी है। आतिशी का यह पहला कार्यकाल है, और किसी गैर-राजनीतिक पारिवारिक पृष्ठभूमि की महिला का पांच साल के भीतर यूं मुख्यमंत्री की कुरसी तक पहुंचने का यह विरल उदाहरण भी है। अतिशी दिल्ली जैसे सुबे की मुखिया बनी हैं, जिस दिल्ली ने सुषमा स्वराज और शीला दीक्षित जैसी दिग्गज महिला नेताओं का शासन देखा है। कुल मिलाकर, दिल्ली में शुरू हुए आप के इस नए प्रयोग और उसके नतीजों पर सबकी नजरें होंगी।

अरविंद केजरीवाल ने महाराष्ट्र और झारखंड के साथ ही दिल्ली विधानसभा का भी चुनाव कराने की मांग की है, उनकी यह मांग अस्वीकृत हो गयी है, फिर भी अगले साल फरवरी के पहले पखवाड़े तक दिल्ली में चुनाव कराने होंगे। केजरीवाल ने दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा सोची-समझी रणनीति के तहत ही दिया है, ताकि आगामी विधानसभा चुनाव को अपनी ईमानदारी के जनमत संग्रह के रूप में दर्शा सकें। उनका मकसद भाजपा सरकार द्वारा दर्ज भ्रष्टाचार के आरोपों का मुकाबला करने तथा खुद को राजनीतिक प्रतिशोध के शिकार के रूप में दिखा जनता की सहानुभूति अर्जित करना भी है। लेकिन इस तरह की राजनीतिक चतुराई में अगर कोई आधार नहीं होता, कोई तथ्य नहीं होता, कोई सच्चाई नहीं होती तो दूसरों के लिए खोदे गए खड्डों में स्वयं एक दिन गिर जाने की स्थिति बन जाती है। कुछ लोग इस प्रकार से प्राप्त जीत की खुशी मनाते हैं, कुछ इस प्रकार की हार की खुशी मनाते हैं, जो कभी जीत से भी ज्यादा महत्वपूर्ण हो जाती है क्योंकि गलत तरीकों से प्राप्त जीत से सिद्धांतों पर अडिग रहकर हारना सम्मानजनक होता है। निस्संदेह, जनता से ईमानदारी का प्रमाण पत्र हासिल करने की योजना उनकी दीर्घकालिक रणनीति का हिस्सा जान पड़ती है।

केजरीवाल को अतिशी रूपी दांव से ज्यादा लाभ शराब घोटाले में नाम आने व गिरफ्तारी के बाद तुरंत इस्तीफा दे देते तो मिलता। ऐसे में, आतिशी के पास अपनी शासकीय छाप छोड़ने के साथ आप की राजनीतिक विरासत को अक्षुण्ण रखने की बड़ी जिम्मेदारी है। दिल्ली में निश्चित रूप से उसकी लड़ाई भाजपा के साथ ही कांग्रेस से भी अपनी जमीन बचाने की होगी। दिल्ली के नागरिकों की अपेक्षाओ पर खरा उतरने के साथ-साथ पार्टी की चुनावी नैया पार लगाने की चुनौती तो है ही। जाहिर है, आम आदमी पार्टी उनसे यही अपेक्षा करेगी कि आगामी विधानसभा चुनाव में जीत का आलेख लिखे।

# आखिर आतंकवादी नंबर एक कौन ?

**राकेश अचल**

| आजकल देश अपने यहां के आतंकी नंबर -1 की तलाश में है । भाजपा और शिवसेना [शिंदे गुट ] ने ये तलाश शायद पूरी कर ली है इसीलिए इन दोनों दलों के नेता देश के आतंकी नबर वन के रूप में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी का नाम लेने में गर्व महसूस कर रहे हैं। लेकिन देश में किसका आतंक है और कौन नंबर वन का आतंकी है ये कहने की जरूरत नहीं है। पूरा देश इस हकीकत से भली भाँती वाकिफ है।

राहुल गाँधी को देश का नंबर वन आतंकी बताने वाले भाजपा सरकार के रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू को तो इस खोजपूर्ण काम के लिए आगामी गणतंत्र दिवस पर पदम् सम्मान से अलंकृत किया जाना चाहिए। कम से कम भाजपा में एक आदमी तो है जो दुनिया का सबसे बड़ा सच कहें या झूठ पूरी जिम्मेदारी से बोल रहा है । बिट्टू को इस बात की कोई फ़िक्र नहीं है कि उनके इस आरोप से उनकी सरकार की रेल डिरेल हो सकती है। बिट्टू भाजपा के नए मुल्ले हैं ,इसलिए शायद ज्यादा प्याज खा रहे हैं। उनका कोई दोष भी नहीं है । भाजपा के गुणसूत्रों में ही ऐसा कुछ है कि अच्छा खासा आदमी भी यहां आकर बौरा जाता है। कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुए असम के मुख्यमंत्री हिमंत विस्वा शरमा और ज्योतिरादित्य सिंधिया इसका सबसे बड़ा उदाहरण है।

कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी को देश का नंबर वन आतंकवादी कहे जाने पर अपना गुस्सा प्रकट किया है। स्वाभाविक है लेकिन कांग्रेसियों ने जिन लोगों के खिलाफ पुलिस में शिकायत की है उनके खिलाफ कार्रवाई कौन करेगा ? इस देश में जिस तरह की न्याय संहिता है उसमें ऐसे सम्भाषण पर सजा का कोई प्रावधान नहीं है । ऐसे सम्भाषण करने वालों को तो उनकी पार्टी सम्मानित करती है। मुमकिन है कि बिट्टू सर को प्रधानमंत्री फुल टाइम रेल मंत्री बना दें ,राहुल गांधी को गरियाने के एवज में।

राहुल गांधी देश की सियासत में नंबर वन के आतंकवादी हैं या नहीं ये देश की जनता ने 4 जून 2024 को दिए अपने जनादेश के जरिये जता दिया है ,बता दिया है। जनादेश के चलते ही राहुल गांधी आज लोकसभा में विपक्ष के नेता हैं। राहुल को देश का नंबर वन आतंकी कहने का मतलब इस देश का समूचा विपक्ष आतंकी है और विपक्ष के आतंक से सत्ता पक्ष थर-थर काँप रहा है। हालाँकि ये अतिश्योक्ति हो सकती है । इसके ऊपर विवाद भी हो सकता है क्योंकि इस देश में आतंकियों को पहचानने को लेकर हमेशा भ्रम की स्थितियां रहीं हैं। इसी देश में बहुत से लोग हैं जो राहुल की वजाय दूसरे लोगों को आतंकी मानते हैं।

देश में ग्यारहवें साल में किसका आतंक है ये चिन्हित करना आसान काम नहीं है। क्योंकि ये राष्ट्रद्रोह माना जायेगा । और कम से कम मेरे जैसा अदना सा लेखक तो ये जोखिम ले ही नहीं सकता। मुझे न संविधान का संरक्षण हासिल हो पायेगा और न राजनीतिक संरक्षण /ये तो नसीब वालों को ही हासिल है। बिट्टू हों या बिट्टा इससे कोई फर्क नहीं पड़ता।

दुनिया जानती हैकि राहुल गांधी किस तरह के आतंकवादी हैं ? उनकी दादी और उनके पिता गोलियों और बारूद से शायद इसलिए नहीं भूने गए कि वे बहुत बड़े देश सेवक हैं ,बल्कि उनकी हत्या शायद इसीलिए की गयी की वे देश के सबसे बड़े आतंकवादी थे। यदि इस देश में इस तरह के लोग आतांकवादी माने जायेंगे तो इस देश के सनातनी होने पर कम से कम मुझे तो गर्व नहीं होगा। मै उन लोगों में से नहीं हूं जो उंगली काटकर शहीद होने वालों को अपना नायक मानते हैं। ऊँगली काटकर शहीद होने वालों की संख्या इस समय देश में लगातार बढ़ रही है और सीने पर गोली खाने वालों की संख्या लगातार कम हो रही है।

आपको यह बताना आवश्यक है कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के खिलाफ विवादित और धमकी भरे बयान देने के लिए कांग्रेस नेताओं ने भारतीय जनता पार्टी और शिवसेना के चार नेताओं के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। जिन नेताओं के खिलाफ शिकायत दी गई है उनमें रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू भी शामिल हैं। कांग्रेस के कोषाध्यक्ष और पूर्व केंद्रीय मंत्री अजय माकन ने बुधवार सुबह दिल्ली के तुगलक रोड थाने में यह शिकायत दी है। उन्होंने आरोप लगाया है कि भारतीय जनता पार्टी के एक नेता ने दिल्ली में पिछले सप्ताह राहुल गांधी को जान से मारने की धमकी दी है। माकन के मुताबिक, भाजपा नेता ने कहा था कि राहुल गांधी संभल जाओ नहीं तो आपका भी वही हाल हुआ होगा जो आपकी दादी का हुआ था।

सवाल ये है कि यदि राहुल गांधी को केंद्र सरकार का एक मंत्री देश का नंबर आंतकी मानता है तो सरकार मौन क्यों है ? क्यों नहीं राहुल गांधी को गिरफ्तार कर जेल भेजती ? और यदि सरकार को अपने मंत्री के बयान पर यकीन नहीं है तो उसे विक्षप्त मानकर फौरन मंत्रिमडल से बाहर क्यों नहीं करती ? क्या सरकार नहीं मानती कि रेल राज्य मंत्री के बयान से दुनिया में सरकार के निकम्मेपन को लेकर बदनामी नहीं हुई होगी। क्या दुनिया ये नहीं सोचेगी कि भारत में कैसी सरकार है जिसके रहते देश की संसद में पतिपक्ष का नेता देश का नंबर वन आतंकी है मुझे पता है और पूरे देश को पता है कि देश कि सियासत में राहुल के लिए सुभाषित वाक्य बोलने वालों का संरक्षक कौन है ? किसने इस तरह कि जहरीली शब्दावली का इस्तेमाल शुरू किया था । एक जमाने में कांग्रेस के विद्वानों ने भी देश के प्रधानमंत्री माननीय मोदी जी के लिए भी इसी तरह के सुभाषित इस्तेमाल किये थे,लेकिन राहुल ने इस पर रोक लगा दी । उन्होंने अपनी प्रतिद्वंदी रहीं पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के खिलाफ बयानबाजी को बंद कराया था।

बिट्टू तो बिट्टू हैं उन्हें कोसने से क्या लाभ ? वे तो वही कर रहे हैं जिससे उनके आका खुश हों ।

# क्वॉड स्ट्रैटेजिक फोरम पर अमेरिका-भारत-ऑस्ट्रेलिया व जापान रणनीतिक सहयोग को मज़बूत करेंगे

**किशन भावनानी**

वैश्विक स्तरपर दुनियां के देशों में आपस के समूह से बनाए गए अनेक अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की उपस्थिति का आगाज़ आज दुनियां महसूस करती है। इसलिए हम देखते हैं कि भारत, न सिर्फ़ हर एक अंतरराष्ट्रीय मंच का एक हिस्सा रहा है बल्कि आज की स्थिति में भारत का दम और प्रतिष्ठा बढ़ गई है। भारत अफ्रीकी यूनियन, ग्लोबल साउथ व अपने पड़ोस में एक मजबूत अर्थव्यवस्था वाला विकसित देश की ओर बढ़ने वाली महत्वपूर्ण हस्ती हो चला है, जिसके कारण भारत का दबदबा बड़ा है, यही कारण है कि जब भारत बोलता है तो विश्व ध्यान से सुनता है। यह इससे अंदाज लगाया जा सकता है कि भारतीय पीएम का नाम संयुक्त राष्ट्र की तरफ से जारी यूनाइटेड जनरल असेंबली के 79 वें सत्र के आम बहस के वक्ताओं की अंतिम सूची में उन लोगों में शामिल था जो 26 सितंबर 2024 को हाई लेवल मीटिंग को संबोधित करेंगे,परंतु अभी असमंजस बरकरार है।परंतु अब विदेश मंत्रालय द्वारा पीएम के अधिकृत दौरे का प्रोग्राम जारी कर 21-23 सितंबर 2024 का विवरण जारी कर दिया है, इसलिए अब माननीय विदेश मंत्री 28 सितंबर 2024 को आम बहस को संबोधित कर सकते हैं व अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन अपने कार्यकाल का अंतिम संबोधन करेंगे। चूंकि चौथा क्वॉड शिखर सम्मेलन 21 सितंबर 2024 को अमेरिका में है,जिसमें जलवायु परिवर्तन, सुरक्षा चिंताओं,इंफ्रास्ट्रक्चर पर रणनीतिक सहयोग मुद्दों पर चर्चा तथा भारत 2025 में क्वॉड की मेजबानी व अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के चलते पीएम का 21-23 सितंबर 2024 अमेरिका दौरा कई मायनों में खास रहेगा, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से,इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,क्वॉड स्ट्रैटेजिक फोरम पर अमेरिका भारत ऑस्ट्रेलिया और जापान रणनीतिक संबंधों को मजबूत करेंगे।

साथियों बात अगर हम भारतीय पीएम 21 से 23 सितंबर 2024 को अमेरिका यात्रा के दौरान चौथे क्वॉड शिखर सम्मेलन में शामिल होने की करें तो, विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह बैठक डेलावेयर के विलमिंगटन में आयोजित होगी और इसकी मेजबानी अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन करेंगे। इनके अलावा, पीएम न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा के एक कार्यक्रम को भी संबोधित करेंगे। यह समिट काफी अहम माना जा रहा है, जहां सदस्य देश भारत, अमेरिका जापान और ऑस्ट्रेलिया शामिल हैं।इस बैठक के दौरान, क्वाड के नेताओं द्वारा पिछले एक साल में हासिल की गई प्रगति कीसमीक्षा की जाएगी और आगे का प्लान तय की जाएगा। यह प्लान खासकर इंडो-पैसिफिक क्षेत्र के डेवलपमेंट के लिए अहम साबित होगा।

पीएम न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित करेंगे। इस समिट में क्वाड सदस्य देशों के बीच पिछले एक वर्ष की प्रगति की समीक्षा और आने वाले समय के लिए प्लान तय किए जाएंगे।पीएम की यात्रा का महत्व इस बात से और बढ़ जाता है कि क्षेत्रीय स्थिरता जैसे मुद्दों पर सदस्य देश गंभीरता से चर्चा करेंगे। मसलन, यूरोपी और मिडिल ईस्ट में चल रहे युद्ध के लिहाज से यह बैठक और भी अहम है, जहां गाजा में भारी संख्या में मासूम जानें जा रही हैं।हालांकि,क्वाड एक मिलिट्री सहयोग संगठन नहीं है, बल्कि इसको आर्थिक सुरक्षा, पर्यावरण में सुधार और अन्य पहलुओं पर फोकस करने के लिए डिजाइन किया गया है। अगला 2025 का क्वॉड समिट भारत में होगा।न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित करते हुए, पीएम वैश्विक मुद्दों पर भारत की स्थिति और भारत का नजरिया पेश करेंगे।इस संबोधन में अन्य देशों के साथ साझेदारी, वैश्विक चुनौतियों और विभिन्न मुद्दों पर भारत के विजन को सामने रखेंगे क्वाड के अगले समिट की मेजबानी भारत करेगा।

साथियों बात अगर कर हम क्वॉड सम्मिट को समझने की करें तो,क्वाडीलेटरल सिक्योरिटी डायलाग , क्वाड एक इनफॉर्मल स्ट्रैटेजिक फोरम मंच है, जिसमें अमेरिका, भारत, ऑस्ट्रेलिया और जापान शामिल हैं। क्वाड की स्थापना 2007 में की गई थी। जापान के पूर्व पीएम शिंजो आबे 2007 में क्वाड के गठन का विचार रखने वाले पहले व्यक्ति थे।ऑस्ट्रेलिया के पीएम के कार्यालय ने बयान जारी किया। बताया गया किअल्बनीज शिखर सम्मेलन में क्वाड के सकारात्मक और व्यावहारिक एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए क्षेत्रीय मुद्दों और अवसरों पर चर्चा करेंगे। राष्ट्रपति ने कहा,मैं हिंद-प्रशांत क्षेत्र के सामने आने वाली चुनौतियों और भागीदारी को मजबूत करने पर चर्चा करने के लिए अपने क्वाड भागीदारों के साथ बैठक करने के लिए तत्पर हूं। उन्होंने यह भी कहा कि ऑस्ट्रेलिया ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र के भविष्य के लिए गहराई से निवेश किया है। उन्होंने आगे कहा कि ऑस्ट्रेलिया,अमेरिका,भारत और जापान एक ऐसे क्षेत्र के लिए एक दृष्टिकोण साझा करते हैं, जो स्वीकृत नियमों और मानदंडों द्वारा शासित होता है,जहां सभी देश सहयोग,व्यापार और कामयाब हो सकते हैं। इसके अलावा राष्ट्रपति अल्बनीज ने कहा कि हम जिस तरह के क्षेत्र में रहना चाहते हैं, उसे आकार देने के लिए मिलकर काम करेंगे। जब हम अपने करीबी दोस्तों और साझेदारों के साथ मिलकर काम करते हैं तो हम हमेशा बेहतर होते हैं। इसने आगे कहा, इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य देशों के बीच रणनीतिक सहयोग को मजबूत करना, एक स्वतंत्र और खुला हिंद प्रशांत क्षेत्र सुनिश्चित करना और इस क्षेत्र के सहयोगियों को ठोस लाभ प्रदान करना है। इस बैठक में स्वास्थ्य सुरक्षा, प्राकृतिक आपदाओं पर प्रतिक्रिया, समुद्री सुरक्षा, उच्च गुणवत्ता वाले बुनियादी ढांचे, महत्वपूर्ण और उभरती हुई तकनीक, जलवायु और स्वच्छ उर्जा और साइबर सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर फोकस किया जाएगा।

साथियों बात अगर हम वैश्विक अशांति के बीच हो रहे क्वॉड शिखर सम्मेलन की करें तो पीएम की यात्रा का महत्व इस बात से और बढ़ जाता है कि क्षेत्रीय स्थिरता जैसे मुद्दों पर सदस्य देश गंभीरता से चर्चा करेंगे।मसलन, यूरोपी और मिडिल ईस्ट में चल रहे युद्ध के लिहाज से यह बैठक और भी अहम है, जहां गाजा में भारी संख्या में मासूम जानें जा रही हैं।हालांकि, क्वाड एक मिलिट्री सहयोग संगठन नहीं है, बल्कि इसको आर्थिक सुरक्षा, पर्यावरण में सुधार और अन्य पहलुओं पर फोकस करने के लिए डिजाइन किया गया है।न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित करते हुए, पीएम वैश्विक मुद्दों पर भारत की स्थिति और भारत का नर्जरिया पेश करेंगे। इस संबोधन में अन्य देशों के साथ साझेदारी, वैश्विकचुनौतियों और विभिन्न मुद्दों पर भारत के विजन को सामने रखेंगे। क्वाड के अगले समिट की मेजबानी भारत करेगा, जो पीएम की इस यात्रा की अहम बात है। साथियों बात अगर हम 25 हज़ार भारतीयों से मुलाकात की करें तो 22 सितंबर को न्यूयॉर्क में पहला कार्यक्रम लॉन्ग आइलैंड में 16, हज़ार सीटों वाले नासाऊ वेटरंस मेमोरियल कोलिजीयम में सुबह 10 बजे से दोपहर 12बजे तक प्रवासी कार्यक्रम मोदी और यूएस, प्रोग्रेस टुगेदर होगा, जहां वे भारतीय-अमेरिकी समुदाय को संबोधित करेंगे। आयोजकों के अनुसार, प्रवासी कार्यक्रम के लिए 25, हज़ार से अधिक लोगों ने टिकटों के लिए रजिस्ट्रेशन किया है। इस कार्यक्रम से भारत और उसके प्रवासी समुदाय के बीच मजबूत संबंधों को मजबूती मिलेगी। बता दें कि प्रवासी समुदाय की अमेरिका-भारत संबंधों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इसके बाद दोपहर में, प्रधानमंत्री मोदी अपने होटल में टेक्नोलॉजी, एनर्जी और मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र में निवेश आकर्षित करने के लिए अमेरिकी व्यापार जगत के नेताओं से भी मुलाकात करेंगे। बैठक के बाद, प्रधानमंत्री मोदी वैश्विक नेताओं के साथ द्विपक्षीय चर्चा करेंगे, जो रात 10बजे तक जारी रहेगी। साथियों बात अगर हम 23 सितंबर 2024 को वैश्विक संयुक्तराष्ट्र शिखर सम्मेलन में भाग लेने की करें तो,23 सितंबर को पीएम भविष्य का संयुक्त राष्ट्र शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे, जहां वे एक संक्षिप्त भाषण देंगे। शिखर सम्मेलन में भविष्य की वैश्विक चुनौतियों पर चर्चा की जाएगी, जिसमें सस्टेनेबल डेवलपमेंट, डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन और ग्लोबल गवर्नेंस शामिल है। रविवार को जब भविष्य का शिखर सम्मेलन शुरू होगा, तब प्रधानमंत्री मोदी अप्रवासी रैली में मौजूद रहेंगे और 23 सितंबर की सुबह के सत्र में 72 वक्ताओं में से उन्हें 35 वें वक्ता के रूप में जगह मिली है। अगर उनसे पहले के सभी वक्ता अपने समय पर आते हैं, तो उनकी बारी दोपहर के आसपास (भारत में रात 9:30 बजे) होगी। वहीं, क्लाइमेट चेंज और सतत आर्थिक विकास जैसे मुद्दों पर संयुक्त राष्ट्र में पीएम की उपस्थिति वैश्विक मंच पर भारत की बढ़ती नेतृत्व क्षमता को दिखाती है। पीएम और नेपाल के पीएम के बीच 22 सितंबर को न्यूयॉर्क में मुलाकात हो सकती है,इस मुलाकात के दौरान पीएम को नेपाल आने का औपचारिक तौर पर न्योता दे सकते हैं। हालांकि पीएम इससे पहले भी चार बार अगस्त 2014, नवंबर 2014, मई 2018 और मई 2022 में नेपाल की यात्रा कर चुके हैं। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि चौथा क्वॉड शिखर सम्मेलन 21 सितंबर 2024-जलवायुपरिवर्तन सुरक्षा चिताओं, इंफ्रास्ट्रक्चर पर रणनीतिक सहयोग मुद्दों पर चर्चा। क्वॉड स्ट्रैटेजिक फोरम पर अमेरिका भारत ऑस्ट्रेलिया व जापान रणनीतिक सहयोग को मज़बूत करेंगे। भारत 2025 में क्वॉड की मेजबानी व अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के चलते पीएम का 21-23 सितंबर 2024 अमेरिका दौरा,कई मायनों में खास रहेगा।

## संक्षिप्त ख़बरें

### प्रधानमंत्री के नाम का ज्ञापन उपायुक्त को सौंपा

दुमकाः भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री गंगाधर शर्मा के नेतृत्व में कर्मचारी पेंशन स्कीम1995 के अंतर्गत न्यूनतम मासिक पेंशन में बढ़ोतरी की मांग को लेकर प्रधानमंत्री भारत सरकार के नाम ज्ञापन उपायुक्त को दिया गया। भारतीय मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष शंकर गुप्ता ने कहा कि कर्मचारी पेंशन स्कीम की 2 सूत्री मांगों को लेकर हम लोगों ने ज्ञापन दिया।1. कर्मचारी पेंशन स्कीम 1995 के अंतर्गत देय न्यूनतम पेंशन राशि रुपए 1000 प्रति माह में बढ़ोतरी कर, इसे रुपए 5000 प्रतिमा किया जाए।2. कर्मचारी पेंशन स्कीम 1995 की राशि को महंगाई भत्ते के साथ लिंक जोड़कर भुगतान किया जाए तथा ऐसे सभी पेंशन धारक को आयुष्मान भारत योजना का भी लाभ किया जाए। जिला मंत्री गंगाधर शर्मा ने कहा कि आज देशभर में भारतीय मजदूर संघ के पदाधिकारियों द्वारा प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सभी जिले में दिया जा रहा है साथ में जिला सह मंत्री पम्मी देवी, संजय शर्मा, रितिक शर्मा मुकेश सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### ईवीएम मोबाइल डिमोंस्ट्रेशन वैन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

दुमकाःआसन्न विधानसभा निर्वाचन 2024 के निमित्त भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले के मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से आज समाहरणालय परिसर से निदेशक आईटीडीए, निदेशक डीआरडीए, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा 08 ईवीएम मोबाइल डिमोंस्ट्रेशन वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। ईवीएमएवं वीवीपैट मशीन डिमोंस्ट्रेशन के माध्यम से आगामी चुनाव के दौरान ईवीएम मशीन के उपयोग की जानकारी दी जाएगी। इस दौरान निदेशक आईटीडीए के द्वारा बताया गया कि मतदान की प्रक्रिया के संबंध में सभी जानकारियां मतदाताओं के पास अवश्य होनी चाहिए। इसी उद्देश्य से 08 ईवीएम मोबाइल डिमोंस्ट्रेशन वैन को रवाना किया गया है। डिमोंस्ट्रेशन वैन द्वारा मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया, ईवीएम व वीवीपैट से संबंधित जानकारी दी जाएगी। साथ ही ईवीएम प्रशिक्षण पर व्यवस्थित मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारी कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों से मतदान प्रक्रिया के बारे में जागरूकता पैदा करने और मतदाता जागरूकता संदेश देने में भी मदद मिलेगी। यह जागरूकता रथ जिले के गांव-गांव में घूम कर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ ईवीएम व वीवीपैट मशीनों के बारे में सभी को विस्तृत जानकारी देगा कि कैसे ईवीएम व वीवीपैट मशीन कार्य करता है।उन्होंने बताया कि ईवीएम/ वीवीपीएटी प्रदर्शनी दो माध्यम से किया जाएगा। सभी मतदान केंद्र तक जाएगा तथा ईडीसी समाहरणालय के उपायुक्त कार्यालय परिसर, अनुमंडल कार्यालय, जिला जन सम्पर्क कार्यालय तथा एनआईसी दुमका में डिमॉन्स्ट्रेशन केंद्र बनाय गया। जँहा आम नागरिक को मतदान की प्रक्रिया ऐण्ड वोटिंग इन वीवीपैट के बारे मे बताया जायेगा।

### एसकेएमयू के दीक्षांत समारोह में शामिल होने 24 सितम्बर को दुमका आयेंगे राज्यपाल

दुमकाःझारखंड राज्य के महामहिम राज्यपाल सह कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार 24 सितंबर को सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के आठवें दीक्षांत समारोह में भाग लेने दुमका आ रहे हैं। यह जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो बिमल प्रसाद सिंह ने बताया कि आठवें दीक्षांत समारोह के अवसर पर झारखण्ड राज्य के महामहिम राज्यपाल सह कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार ने दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करने की कृपापूर्ण सहमति प्रदान की है। उन्होंने बताया कि विशिष्ट अतिथि के रूप में केंद्रीय विश्वविद्यालय, झारखंड के कुलपति प्रो (डॉ) क्षिति भूषण दास इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस दीक्षांत समारोह में 63 छात्र-छात्राओं को स्वर्ण पदक तथा 76 शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि प्रदान की जाएगी। इन दिनों विश्वविद्यालय में दीक्षांत समारोह की तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं और सारी तैयारियां अपने अंतिम चरण में हैं। गुरुवार को हुए बैठक में उन्होंने सभी समितियों के समन्वयकों से उनकी समिति स्तर पर की जा रही तैयारियों की जानकारी ली तथा एक से दो दिनों में सभी कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। कुलपति जहां लगातार बैठकें कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर विभिन्न उपसमितियों के समन्वयक भी अपनी समिति के सदस्यों के साथ बैठक कर रहे हैं। आमंत्रण समिति के समन्वयक डॉ अजय सिन्हा ने विभिन्न छात्रावासों के छात्र नायकों के साथ बैठक कर दीक्षांत समारोह में शामिल होने के लिए छात्रावास प्रतिनिधियों के नामों की सूची तैयार की। कुलपति प्रो बिमल प्रसाद सिंह लगातार आयोजन समिति के सदस्यों एवं उपसमितियों के समन्वयकों के साथ बैठक कर रहे हैं तथा व्यक्तिगत स्तर पर तैयारियों की निगरानी कर रहे हैं। विश्वविद्यालय से उपाधि एवं पदक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं की सूची आवश्यक दिशा-निर्देशों के साथ आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है तथा रजिस्ट्रेशन के लिए 23 सितंबर की तिथि तय की गई है। रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया कन्वेंशन सेंटर में पूरी की जाएगी। जिन छात्रों का नाम विश्वविद्यालय द्वारा जारी सूची में है, वे आधिकारिक स्थल पर पहुंचकर बिल्कुल रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं तथा दीक्षांत समारोह में शामिल होने के लिए आवश्यक सामग्री प्राप्त कर सकते हैं। गुरुवार को हुए बैठक में विश्वविद्यालय के डीएसडब्ल्यू डॉ जयेंद्र यादव, रजिस्ट्रार डॉ राजीव कुमार, सीसीडीसी डॉ अब्दुस सत्तार, परीक्षा नियंत्रक डॉ जय कुमार साह, डॉ अजय सिन्हा, डॉ. इंद्रनील मंडल, डॉ. पीपी सिंह, डॉ. डीएन गोराया, डॉ. टीपी सिंह, डॉ. संजय कुमार सिन्हा, डॉ. नीलेश कुमार, डॉ शम्स तबरेज खान, प्रो आरकेएस चौधरी, अमिता कुमारी, डॉ शर्मिला सोरेन, दीपक कुमार, मनीष,आदि उपस्थित थे।

### महाराणा प्रताप राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हुआ अपना स्वच्छ परिवेश संकल्प हमारा कार्यक्रम का आयोजन

सिकंदराराऊ (ईएमएस)। महाराणा प्रताप राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर शैफाली सुमन के कुशल दिशा-निर्देशन और राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ. हिमांशु राय के प्रभारत्व में स्वच्छता पखवाड़ा संचालन के क्रम में अपना स्वच्छ परिवेश- संकल्प हमारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर स्वयं एवं देश के नागरिकों में अपने परिवेश में स्वच्छता को बढ़ावा देने हेतु जागरूक किया। महाविद्यालय में स्वच्छता पखवाड़ा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मोत्सव दिवस-17 सितंबर से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती- 2 अक्टूबर 2024 तक संचालित हो रहा है। महाविद्यालय में स्वच्छता पखवाड़ा के अवसर पर स्वच्छता को बढ़ावा देने वाले विभिन्न कार्यक्रम, जैसे- स्वच्छता संगोष्ठी, स्वच्छता रैली, स्वच्छ यूनिफार्म प्रतियोगिता, स्वच्छ एवं आदर्श गाँव भ्रमण आदि कार्यक्रमों का आयोजन अग्रिम दिवसों पर किया जाएगा। अपना स्वच्छ परिवेश- संकल्प हमारा कार्यक्रम के अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्रोफेसर राम बहादुर जी ने छात्र-छात्राओं को स्वच्छता को अपना उद्देश्य मानकर उसके प्रति समर्पण और कर्तव्य भावना के आधार पर कार्यक्रम के लक्ष्यों को प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया। इस सुअवसर पर विश्वनाथ प्रताप सिंह, अरवेश कुमार एवं राय सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# खेल के विकास के लिए प्रतिबद्ध है सरकार : टंक राम

### 24वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में शामिल हुए खेल मंत्री



बलौदाबाजार । खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन के लिए खेल युवा कल्याण मंत्री टंक राम वर्मा आज जिला मुख्यालय में आयोजित 24वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के तीसरे दिन में शामिल हुए। इस दौरान रग्बी, कुराश एवं फेंसिंग खेल का आनंद लिया साथ ही विजयी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए पुरस्कृत किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री वर्मा ने कहा जिंदगी एक खेल की तरह है और हमें खेल खेलना चाहिए। खेल के एक नहीं अनेक फायदे होते हैं। खेल में हार-जीत लगी रहती है। एक बार जीत से कोई सिकंदर नहीं बन जाता एवं एक बार हार से फकीर नहीं बन जाते है। हार और जीत सोच पर भी निर्भर करती है, मान लो तो हार है, ठान लो तो जीत है। हमारी सरकार खेल एवं खिलाड़ियों के विकास के लिए प्रतिबध्द है। जब से हमने खेलों के विकास करते हुए खिलाड़ियों के सम्मान में सन 2019-20, 2020-21, 2021-22 एवं 2022-23 के खेल अलंकरण पुरस्कार प्रदान किए गए। इसके साथ ही हमने युवाओं के लिए छत्तीसगढ़ खेल युवा रत्न पुरस्कार देने की घोषणा किए है। बलौदाबाजार-भाटापारा जिला न केवल धर्म और संस्कृति के लिए जाना जाता है बल्कि अब खेलो के लिए भी जाना जाएगा। खेलो इंडिया के तहत फुटबाल प्रशिक्षण केन्द्र प्रारंभ किया गया है, साथ ही आने वाले समय में इसी स्टेडियम को 14 करोड़ की लागत से इंडोर स्टेडियम में तब्दील किए जा रहे है।जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय ने बताया कि राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में प्रदेश के सभी संभाग के 840 खिलाड़ी एवं कोच शामिल हो रहे हैं। चार दिवसीय राज्य स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में रग्बी बालक एवं बालिका 14 वर्ष, कुराश बालक एवं बालिका 14, 17, 19 वर्ष, फेन्सिग बालक एवं बालिका 14, 17, 19 वर्ष के 144 खिलाड़ी प्रत्येक संभाग से आये हुये है। रग्बी की प्रतियोगिताएं इसी आउटडोर स्टेडियम में, कुराश की प्रतियोगिताएं इसी इंडोर स्टेडियम में और फेन्सिग प्रतियोगिताएं नगर भवन बलौदाबाजार में आयोजित की जा रही है। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल, जनपद अध्यक्ष श्रीमती सुमन योगेश वर्मा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि गण उपस्थित रहे।

### बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन आज, डीएम करेंगे प्रतिभाग

देहरादून (ईएमएस)। शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से जनमानस को लाभान्वित करने तथा जनसम्याओं की समस्याओं का मौके पर निस्तारण के उद्देश्य से कल शुक्रवार को पुण्डीर फार्म हाउस भाऊवाला में प्रातः 11 बजे से 03 बजे तक बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन जा रहा है। जिलाधिकारी सविन बंसल बहुउद्देशीय शिविर में प्रतिभाग करेंगे। शिविर में समस्त विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी प्रतिभाग करेगे, शिविर में जनमानस की शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया जाएगा। विभिन्न योजनाओं के आवेदन की सभी औपचारिकताएं पूर्ण होंगी।

# भक्ति में पवित्रता और श्रेष्ठता का भाव जरूरी

### नागर चित्तौड़ा महाजन वैश्य समाज द्वारा उषा राजे परिसर में ज्ञान यज्ञ सप्ताह में उमड़ रहा भक्तों का सैलाब

इन्दौर (ईएमएस)। भगवान और भक्ति की प्राप्ति के तीन प्रमुख साधन, श्रवण, कीर्तन और नाम स्मरण बताए गए हैं। इन तीनों साधनों में हमारा कोई धन खर्च नहीं होता। हमारी भक्ति भगवान के साथ छल करने जैसी है। आजकल भक्ति के नाम पर लोग कटे-फटे नोट, अब तो बंद हो चुके नोट भी, सड़े-गले फल और अनुपयोगी वस्त्र चढ़ाकर स्वयं को भक्त और दानी मान लेते हैं। धरती में हम जैसे बीज बोएंगे, फल भी वैसे ही मिलेंगे। भगवान के यहां भी हम जैसा अर्पित करेंगे, वैसा ही हमें भी वापस मिलेगा। यह नहीं समझें कि कोई हमें देख नहीं रहा है। सूर्य, चंद्रमा, तारे और नक्षत्र हमारे कर्मों पर निगरानी रखते हैं, इसलिए अपने कर्मों, विशेषकर भक्ति में पवित्रता और श्रेष्ठता का भाव होना चाहिए। इनके बिना भक्ति का सृजन संभव नहीं है। भागवत पुराण यही संदेश देने वाला दुनिया का अनुपम ग्रंथ है।ये प्रेरक विचार हैं भागवताचार्य पं. आयुष्य दाधिच के, जो उन्होंने गुरुवार को उषानगर स्थित उषाराजे परिसर में श्राद्ध पक्ष के उपलक्ष्य में श्रीनागर चित्तौड़ा महाजन वैश्य समाज द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह के दिव्य आयोजन में व्यक्त किए। समन्वयक धर्मेन्द्र गुप्ता ने बताया कि कथा में दिनोंदिन भक्तों का सैलाब उमड़ रहा है। कथा के दौरान मनोहारी भजनों पर भक्तों के नाचने-गाने और हर्ष ध्वनि के दृश्य अनेकों बार देखने को मिल रहे हैं। आज कथा शुभारंभ के पूर्व मुख्य यजमान श्रीमती किरण महेन्द्र गुप्ता, गिरीश गुप्ता, किशोर गुप्ता, शरद हेतावल, सुनील गुप्ता, गगन वाणी, अशोक हेतावल आदि ने व्यासपीठ का पूजन किया। आज महिलाओं ने ड्रेस कोड का पालन करते हुए फिरोजी एवं नीले कलर तथा पुरुषों ने श्वेत परिधान में आकर अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। संगीतमय कथा प्रतिदिन दोपहर 2 से सांय 6 बजे तक हो रही है।।भागवताचार्य पं. दाधिच ने कहा कि हम कथा में तो रोज आकर बैठते है, लेकिन हमारा मन संसार और अन्य स्थानों पर मचलता रहता है। मंदिर में दर्शन करने जाते हैं, लेकिन मन जूते, चप्पल या प्रसाद में फंसा रहता है। कथा श्रवण करते समय श्रद्धा का भाव जरूरी है। भगवान के चरित्र और कथा का श्रवण सावधानी से करना चाहिए। हम रोज मंदिर जाने के बाद भी यदि भक्ति का सृजन नहीं कर सकें और अपने आचरण में दया, करुणा और परमार्थ का भाव नहीं ला सकें तो ऐसा मंदिर जाना व्यर्थ ही माना जाएगा। कथा श्रवण के बाद हम अपने कर्मों को थोड़ा सा भी सुधार लें तो हमारा श्रवण सार्थक हो जाएगा। भागवत केवल ग्रंथ नहीं, जीवन को श्रेष्ठ संस्कारों रूपी अलंकरणों से सजाने और संवारने का खजाना है।

# किसान न्याय यात्रा को सफल और प्रभावी बनाने जिलों में हुई पत्रकार वार्ताएं

### भवर जितेन्द्र सिंह, जीतू पटवारी और दिग्विजयसिंह इंदौर में आयोजित किसान न्याय यात्रा में शामिल होंगे

### वरिष्ठ नेतागण अलग-अलग जिलों में किसान न्याय यात्रा में होंगे शामिल

भोपाल(ईएमएस)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर आगामी 20 सितम्बर 2024 को प्रदेश के सभी जिलों में आयोजित होने वाली किसान न्याय यात्रा को सफल और प्रभावी बनाने के लिए जिला मुख्यालयों पर पत्रकार वार्ताऐं आयोजित की गई। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी जी के निर्देश पर सभी जिलों में पत्रकार वार्ता लेने के लिए मप्र कांग्रेस कमेटी के प्रवक्तागणों, जिला अध्यक्षों और किसान न्याय यात्रा के लिए बनाये गये प्रभारियों को भेजा गया है। जिन्होंने आज किसान न्याय यात्रा को सफल और प्रभावी बनाने के लिए मीडिया से समन्वय स्थापित कर पत्रकार वार्ताएं लेकर यात्रा को कवरेज देने और सहयोग करने की अपील की।प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक ने बताया कि सभी जिलों में पत्रकार वार्ताएं आयोजित हुई, जिसमें किसान न्याय यात्रा और सरकार द्वारा किसानों के साथ किये जा रहे भेदभाव और फसल के उचित मूल्य दिये जाने और खाद-बीज-बिजली के संकट से जूझ रहे किसानों के विभिन्न मुद्दों को रखा गया।श्री नायक ने कहा कि सभी जिलों में 20 सितम्बर को व्यापक स्तर पर किसान न्याय यात्राऐं आयोजित की जायेंगी। इन यात्राओं में अलग-अलग जिलों में कांग्रेस के वरिष्ठ नेतागण शामिल होने हेतु पहुंच रहे हैं।श्री नायक ने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव मप्र प्रभारी भंवर जितेन्द्र सिंह, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजयसिंह इंदौर में आयोजित किसान न्याय यात्रा में शामिल होंगे। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ छिन्दवाड़ा, मप्र विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार-धार, पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजयसिंह राहुल भैया-भोपाल, पूर्व केंद्रीय मंत्री कांतिलाल भूरिया-झाबुआ, अभा कांग्रेस के सीडब्लूयसी मेंबर कमलेश्वर पटेल-रीवा, मप्र विधानसभा में उपनेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे और पूर्व नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह-भिण्ड, राज्यसभा सांसद अशोक सिंह-मुरैना, पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह-गुना पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा-उज्जैन और पूर्व विधायक नीलाशू चतुर्वेदी-सतना जिले में आयोजित किसान न्याय यात्रा में शामिल होंगे।

# राहुल गांधी के खिलाफ अनर्गल टिप्पणी करने वाले भाजपा नेताओं के विरूद्व आपराधिक प्रकरण दर्ज करने की महिला कांग्रेस ने की मांग

### राज्यपाल महोदय के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा




भोपाल(ईएमएस)। मध्यप्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष श्रीमती विभा पटेल की उपस्थिति में महिला कांग्रेस की जिला शहर अध्यक्ष श्रीमती संतोष कंसाना के नेतृत्व में महिला कांग्रेस नेत्रियों ने आज केंद्रीय रेल राज्य मंत्री रबनीत सिंह बिट्टू एवं उत्तर प्रदेश के राज्य मंत्री रघुराज सिंह के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज करने की मांग करते हुये प्रदर्शन किया। उक्त संबंध में राज्यपाल महोदय के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा।श्रीमती कंसाना ने राज्यपाल को सौंपे ज्ञापन में कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को केंद्रीय रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू द्वारा राहुल गांधी को सार्वजनिक रूप से देश के नंबर वन आतंकी बनाता और उनके विरुद्ध इनाम घोषित होना चाहिए जैसी टिप्पणी बेहद अशोभनीय और निंदनीय है। बिट्टू द्वारा यह भी कहा गया कि वह हिंदुस्तानी नहीं है, उन्हें देश से प्रेम नहीं है तथा देश तोड़ने, बम ब बारूद ,गोले बनाने जैसे ट्रेनों व बसों को दुर्घटनाग्रस्त करने में उनका हाथ है, इतना ही नहीं दूसरे दिन को इंदौर में उत्तर प्रदेश के राज्य मंत्री रघुनाथ सिंह द्वारा सार्वजनिक रूप से राहुल गांधी को आतंकवादी कहा जाना बेहद निंदनीय है, जिसकी प्रदेश की जनता घोर निंदा करती है। इस तरह के बयान भाजपा नेताओं द्वारा दिये जा रहे है, जिसकी देश भर में कांग्रेस ने निंदा कर जमकर प्रदर्शन किया और देश के प्रधानमंत्री से ऐसे भाजपा नेताओं पर कठोर कार्यवाही करने की मांग की है।महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष संतोष कंसाना के नेतृत्व में आज रोशनपुरा चौराहा पर महिलाओं द्वारा प्रदर्शन किया गया जिसमें सैकड़ों महिलाओं ने भाजपा नेताओं के खिलाफ जमकर नारेबाजी की । उन्होंने कहा कि पूरा देश जानता है कि राहुल गांधी के पिता स्वर्गीय राजीव गांधी ने देश के लिए बलिदान दिया है उनकी दादी स्वर्गीय श्रीमती इंदिरा गांधी ने देश के लिए शहादत दी है तथा राहुल गांधी की रगों में उनका ही रक्त बह रहा है, वह सच्चे देशभक्त हैं उनके प्रति अपशब्दों का सार्वजनिक रूप से प्रयोग करना घोर निंदनीय और आपराधिक कृत्य है। इस तरह के अनर्गल बयानबाजी के लिए भाजपा नेताओं को माफी मांगनी चाहिए। ऐसी अमानवीय और अमर्यादित भाषा बोलने वाले भाजपा नेताओं पर सख्त कार्यवाही हो।प्रदेर्शन में महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष विभा पटेल, लोक सभा प्रत्याशी अरुण श्रीवास्तव जी ,पार्षद अशोक मारण, राजलक्ष्मी नायक, महक राणा, शीतल मालवीय, तस्लीम लस्करी सहित बड़ी संख्या में महिला कांग्रेस नेत्रियां उपस्थित रही।

# उत्तराखंड के चार गांवों को मिलेगा सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम पुरस्कार

### मुख्यमंत्री धामी की पर्यटन प्रदेश की मुहिम रंग लाई

देहरादून (ईएमएस)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की उत्तराखंड को पर्यटन प्रदेश बनाने की मुहिम रंग ला रही है। ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने पर केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय की ओर से राज्य के चार गांवों को अंतरराष्ट्रीय पर्यटन दिवस पर सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। आगामी 27 सितंबर को नई दिल्ली में यह पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया जाएगा। पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार द्वारा हर वर्ष राष्ट्रीय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम प्रतियोगिता आयोजित की जाती है। संस्कृति और प्राकृतिक संपदा के संरक्षण, समुदाय आधारित मूल्यों व जीवन शैली को बढ़ावा देने एवं आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय स्थिरता के प्रति प्रतिबद्धता को इसमें परखा जाता है। इन्हीं विषयों पर प्रविष्टियां आमंत्रित की जाती हैं। इस वर्ष प्रविष्टियों के आधार उत्तराखंड के चार गांवों का इस पुरस्कार के लिए चयन हुआ है। उत्तरकाशी जिले के जखोल गांव को साहसिक पर्यटन, हर्षिल गांव को वाइब्रेंट विलेज, पिथौरागढ़ जिले के सीमान्त गुंजी गांव को वाइब्रेंट विलेज और नैनीताल जिले के सूपी गांव को कृषि पर्यटन के लिए सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम पुरस्कार के लिए चुना गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी ग्राम वासियों के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के पर्यटन विकास में आम जनता की अहम भूमिका है। उत्तराखंड को पर्यटन प्रदेश के रूप में स्थापित करने के लिए प्रदेश सरकार हर संभव प्रयास कर रही है, इसके लिए कई योजनाएं लागू की गई हैं, लेकिन राज्य की देवतुल्य जनता के सहयोग से ही यह लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

# अवैध रूप से संचालित हेल्थ क्लीनिक सील करने के निर्देश

### जिले भर के दो दर्जन से अधिक अवैध क्लीनिक संचालकों के विरूद्ध कलेक्टर के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग के दल द्वारा की गई छापामार कार्रवाई

सीहोर (ईएमएस)। कलेक्टर प्रवीण सिंह के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.सुधीर कुमार डेहरिया के मागदर्शन में जिले में संचालित अवैध हेल्थ क्लीनिक, अनाधिकृत रूप से क्लीनिक संचालित कर उपचार कर रहे कथित चिकित्सकों, घर पर ही बगैर पंजीयन के अथवा आधे-अधूरे दस्तावेजों के साथ उपचार कर रहे छोलाछाप डॉक्टरों के विरूद्ध स्वास्थ्य विभाग के अलग-अलग दलों द्वारा जिले भर में छापामार कार्रवाई की गई। इस दौरान अवैध रूप से संचालित क्लीनिक संचालकों को क्लीनिक बंद करने के निर्देष के साथ ही नोटिस जारी किया गया। कई के दस्तावेज अपूर्ण थे परंतु वे क्लीनिक संचालित कर रहे थे उन्हें 1 माह के भीतर दस्तावेज पूर्ण करने के निर्देष दिए गए। कुछ क्लीनिक संचालक बगैर किसी डिग्री के क्लीनिक का संचालन कर रहे थे वे छापे की खबर पता चलते ही क्लीनिक बंद कर भाग गए, ऐसे अवैध संचालकों की क्लीनिक सील करने हेतु निर्देषित किया गया। कुछ छोलाछाप चिकित्सक ऐसे थे जो घर पर ही क्लीनिक संचालित कर रहे थे ऐसे व्यक्तियों के क्लीनिक बंद किए जाने हेतु निर्देषित किया गया। बगैर किसी डिग्री के अवैध रूप से संचालित क्लीनिक को सील करने की कार्यवाही की गई।कुछ क्लीनिक संचालक ऐसे थे जो पंजीयन के अलावा किसी अन्य पेथी से उपचार कर रहे थे। ऐसे व्यक्तियों की क्लीनिक सील करने हेतु निर्देशित किया गया। आष्टा विकासखण्ड अंतर्गत भवंरा की रिषिका क्लीनिक,पाल क्लिनिक,बंगाली डॉक्टर, हिन्द क्लीनिक, अलीपुर,विधि क्लीनिक, षिवषक्ति क्लीनिक कोठरी, आयुष होम्यो एण्डट क्लीनिक, कान्हर क्लीनिक ग्राम कोठरी, इछावर डॉ.अमित राय, डॉ.विष्वास, धाकड़ मेडिकल स्टोर, बुदनी अंतर्गत मेकलसुता क्लीनिक, श्री कृष्णा क्लीनिक, वान्या क्लीनिक, दृष्टि डेंटल क्लीनिक, आलोक आरोग्यम, नायक पॉलीक्लीनिक, सौरभ क्लीनिक बकतरा, लक्ष्मी क्लीकि बकतरा, उदय क्लीनिक बकतरा, पटेल क्लीनिक बकतरा, नागर पॉलीक्लिनिक सहित दो दर्जन से अधिक प्रायवेट चिकित्सक शामिल है।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, बोकारो।
ई–निविदा आमंत्रण सूचना
ई– अतिअल्पकालीन पुनर्निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/BOKARO/32/2024-25/RE
1.कार्य की विस्तृत विवरणीः

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बोकारो जिला के चास प्रखण्ड अंतर्गत भवानीपुर स्थित एस०एस० बालिका उच्च विद्यालय में जर्जर भवन के जग ह नये भवन का निर्माण कार्य। | 4969000.00 | 99500.00 | 5000.00 | 06 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 21.09.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 21.09.2024 से दिनांक 28.09.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, बोकारो।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 30.09.2024 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, बोकारो।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06542 291060 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, बोकारो।

PR 336090 Rural Development(24-25)D

उपायुक्त-सह-जिलादण्डाधिकारी का कार्यालय,गिरिडीह
(जिला सामान्य शाखा)
दूरभाष सं0 06532–222072,ई–मेल gensectiongrd123@gmail.com

-:सूचना:-

गिरिडीह जिलान्तर्गत चौकीदार संवर्ग के पद पर सीधी नियुक्ति परीक्षा–2023 के निमित्त सफल अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि शारीरिक माप एवं जाँच तथा दौड़ न्यू पुलिस लाईन, पपरवाटाँड के स्थान पर गिरिडीह स्टेडियम, गिरिडीह में होगा।

| क्र.सं. | दिनांक | रौलनम्बर |
|---|---|---|
| 01 | 23.09.2024 | 0100001 से 0900715 तक |
| 02 | 24.09.2024 | 1000003 से 1301004 तक |

अतः सभी सफल अभ्यर्थी निर्धारित तिथि को सुबह 6:00 बजे से 9:00 बजे तक गिरिडीह स्टेडियम, गिरिडीह में निश्चित रूप से उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

प्रशासी अधिकारी, गिरिडीह
उप समाहर्त्ता प्रभारी जिला सामान्य शाखा,गिरिडीह

PR 336055 Giridih(24-25).D

# आयुर्वेद जड़ से दूर करता है बीमारियां : डॉ. विजय आनंद

रामसनेही घाट, बाराबंकी। (ईएमएस)। आयुष आपके द्वार के तहत जनपद बाराबंकी के तहसील रामसनेही घाट अंतर्गत ग्राम पंचायत छंदवल के पूरे अमेठिया में निशुल्क चिकित्सा शिविर लगाकर लोगों को संबंधित बीमारियों की योगाभ्यास कराकर औषधियां वितरित की गई। शिविर में चिकित्सा प्रभारी आयुर्वेदिक चिकित्सालय उधौली डॉ० विजय आनंद कनौजिया ने बताया सरकार की मंशा के अनुरूप ग्रामीण क्षेत्रों में आयुष आपके द्वार व पोषण माह सितंबर के तहत लोगों को उनकी बीमारियों के अनुसार निशुल्क आयुर्वेदिक औषधियां वितरित की जाती है व उन्हें योगाभ्यास कर स्वस्थ रहने के मंत्र बताए जाते है। प्राचीन काल से ही आयुर्वेद से तमाम बड़े रोगों को ठीक किया जाता रहा है व इससे बीमारियां जड़ से समाप्त हो जाती है। इस दौरान मरीजों को योग प्रशिक्षक सुशील कुमार अवस्थी द्वारा योगाभ्यास कराया गया।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गिरिडीह

ई- अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

ई– अति अल्पकालीन निविदा सूचना सं०– RDD/SD/GIRIDIH/16/2024-25
1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गिरिडीह जिलान्तर्गत डुमरी प्रखण्ड के मौजा–कुलगो पंचायत कुलगो दक्षिणी के ग्राम–नवाटाँड (नवाटाँड़) में स्टेडियम निर्माण कार्य। (जिला पर्यटन निधि) | 8304550.00 | 166500.00 | 10000.00 | 09 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 23.09.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 23.09.2024 से दिनांक 28.09.2024 को अपराह्न 05:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गिरिडीह।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय –30.09.2024 अपराह्न 2:00 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गिरिडीह।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9431323435 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)।
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गिरिडीह

PR 336072 Rural Development (24-25)_D

## संक्षिप्त खबरें

### चुनावी सुधारों के इतिहास में ऐतिहासिक है वन नेशन वन इलेक्शन का फैसला : संजय सेठ

रांची(ईएमएस)।वन नेशन वन इलेक्शन के प्रस्ताव को कैबिनेट की मंजूरी पर रक्षा राज्य मंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए, इसका स्वागत किया है। केंद्रीय मंत्री ने इस प्रस्ताव की स्वीकृति के लिए पीएम नरेंद्र मोदी सहित पूरे कैबिनेट को बधाई देते हुए अभिनंदन किया है। श्री सेठ ने कहा कि भारत में चुनावी सुधारों की दिशा में यह अब तक का ऐतिहासिक और क्रांतिकारी कदम है। माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शिता से अमृत काल में हम नया इतिहास लिखने को तैयार हैं। इस फैसले से देश में कई प्रकार के संसाधनों की बचत होगी। आम जनता को कई मायने में राहत मिलेगी। देश की बड़ी आर्थिक बचत होगी। लगातार लगने वाली आचार संहिता के कारण विकास के कार्य भी प्रभावित नहीं होंगे। मैन पावर की बचत होगी। यह मोदी सरकार का देशवासियों के लिए, देश के हित में लिया गया सकारात्मक कदम सिद्ध होगा। रक्षा राज्य मंत्री ने देश के सभी राजनीतिक दलों से आग्रह किया है किस मुद्दे पर सभी दलों को एक साथ आना चाहिए। देश और राज्यों के विकास के लिए इस फैसले का समर्थन करना चाहिए।

### लातेहार में मानव तस्करी के दोषी को 10 साल का कारावास

लातेहार(ईएमएस)।अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय की अदालत ने मानव तस्करी के आरोपी महेंद्र भुइंया का दोष साबित होने के उपरांत अधिकतम 10 वर्षों की कठोर कारावास और एक लाख रुपए जुर्माना की सजा सुनाया है। प्रभारी जिला लोक अभियोजक अशोक कुमार दास के अनुसार डिहि मुरूप ग्राम निवासी परमेश्वर भुइंया ने 18 मार्च 2013 को लातेहार थाना कांड संख्या 44/13 दर्ज कराया था।सूचक ने आरोप लगाया कि डूरंगी कला ग्राम निवासी महेंद्र भुइंया उसकी बेटी समेत चार नाबालिगों को काम करवाने के लिए दिल्ली ले गया था।जब उसकी पुत्री से बात नहीं होने लगी और कोई अता पता नहीं चला तो सूचक ने आरोपी से पूछताछ किया फिर भी उसकी लड़की के बारे में कोई मुकम्मल जानकारी नहीं मिली तो मुकदमा दर्ज कराया।अभियोजन की ओर से कुल छह गवाह पेश किए गए। गवाहो ने घटना को सही बताया अदालत ने दोष साबित होने पर महेंद्र भुइंया को भादवि की धारा 367,368 के तहत 10-10 वर्षों की कठोर कारावास एवं एक लाख रुपए जुर्माना की सजा सुनाई।

### फर्जी झारखंड आंदोलनकारी संगठनों पर कार्रवाई हो : विमल कच्छप

रांची(ईएमएस)।झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा के कार्यालय में गुरुवार को विमल कच्छप की अध्यक्षता में बैठक की गई। इस बैठक में सर्वसम्मति से राज्य सरकार से आंदोलनकारियों के चिह्नितीकरण कार्य सम्पन्न कराने की मांग की गई। मोर्चा के संयोजक विमल कच्छप ने बताया कि कुछ तथाकथित आंदोलकारी संगठन फर्जीवाड़ा कर रहे हैं।पुष्कर महतो के नेतृत्व में झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के नाम से गलत लोगों को झारखंड आंदोलकारी के रूप में प्रसारित किया जा रहा है, जो गलत है। शफीक आलम ने बताया कि झारखंड आंदोलकारी संघर्ष मोर्चा के लोगों ने न ही कोई अलग राज्य बनाने के संघर्ष में आंदोलन किया है, और न ही कोई आंदोलन में कभी जेल गया है। बेवजह बंदी और प्रदर्शन करके आम जनता और सरकार को क्षति पहुंचाने वाले ये लोग झारखंड आंदोलकारियों के नाम पर ठगी और उगाही का काम कर रहे हैं। झारखंड आंदोलकारी मोर्चा ने राज्य सरकार से यह आग्रह किया है कि सभी फर्जी आंदोलकारियों की जांच कर उन पर कड़ी करवाई की जाए और सही आंदोलनकारियों को उचित सम्मान और हक दिया जाए।जिनके संघर्ष के फलस्वरूप झारखंड राज्य का गठन हुआ है।झारखंड आंदोलनकारियों के सम्मान से ही राज्य का सम्मान है. इस मौके पर मुख्य रूप से विमल कच्छप, शफीक आलम,मुमताज खान, मानव घोष, जयश्री दास, बसंत महतो आदि उपस्थित थे।

### रामगढ़ में राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष ने की बैठक, दिए निर्देश

रामगढ़(ईएमएस)।अध्यक्ष योगेंद्र प्रसाद सहित राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग झारखंड की टीम गुरुवार को दो दिवसीय दौरे पर रामगढ़ पहुंची।समाहरणालय के सभा कक्ष में उपायुक्त चंदन कुमार ने आयोग के अध्यक्ष योगेंद्र प्रसाद को पौधा प्रदान कर स्वागत किया। इसके उपरांत योगेंद्र प्रसाद की अध्यक्षता में आयोग की समीक्षा बैठक प्रारंभ हुई। वर्ग से जुड़े मामलों की सिलसिलेवार रूप से समीक्षा की गई।इस दौरान कई मामलों में आयोग की ओर से जारी नोटिस पर संबंधित अधिकारियों द्वारा की गई अग्रतर कार्रवाई की जानकारी आयोग ने ली।जिसके बाद कई आवश्यक दिशा निर्देश अध्यक्ष ने संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को दिया। वर्ग में आवेदित फरियादियों के मामलों के निराकरण पर भी अध्यक्ष ने प्राथमिकता के साथ बल दिया।उन्होंने कहा कि आयोग सभी लंबित और नए मामलों के निष्पादन पर गंभीर है। आयोग की टीम दो दिनों तक यहां रहेगी और हर मामलों की समीक्षा करते हुए निराकरण किया जाएगा. मौके पर उपायुक्त चंदन कुमार,आयोग के सम्मानित सदस्य नंदकिशोर मेहता, लक्ष्मण यादव, सदस्य सचिव कृष्णा कुमार सिंह समेत जिले के सभी वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

### बुनियादी सुविधाओं की कमी से जनता में आक्रोश : कुणाल षाड़ंगी

पूर्वी सिंहभूम (ईएमएस)।पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी ने गुरुवार को गुड़ाबांदा प्रखंड की मुराकाटी और बनमाकड़ी पंचायत के विभिन्न गांवों का दौरा किया।स्थानीय लोगों ने शिकायत की कि उनके गांवों में बिजली और पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं की भारी कमी है। कई लोगों ने बताया कि उन्हें पानी लाने के लिए अब भी काफी दूर तक जाना पड़ता है। ग्रामीणों ने कहा कि उनके स्थानीय विधायक कभी उनके क्षेत्र में नहीं आते हैं, आने से गांव में नहीं रुकते। जिससे उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है।इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कुणाल षाड़ंगी ने कहा कि यहां के स्थानीय प्रतिनिधियों के प्रति लोगों में गहरी नाराजगी है। जिसे देखकर ऐसा लगता है कि जनता इस बार बदलाव के लिए तैयार है।उन्होंने आगे कहा मेरी प्राथमिकता यही रहेगी कि जनता की बुनियादी समस्याओं का शीघ्र समाधान हो। बिजली, पानी, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी सुविधाओं का हर व्यक्ति को समान रूप से लाभ मिलना चाहिये।जो जिम्मेदार पद पर बैठे हैं, उन्हें जनता के प्रति जवाबदेह होना होगा। आने वाले समय में हम एक मजबूत और समृद्ध समाज की दिशा में काम करेंगे। बहरागोड़ा विधानसभा क्षेत्र में 8 सितंबर से पूर्व विधायक द्वारा पुनर्निर्माण यात्रा की शुरुआत की गई है, जो 28 सितंबर तक विभिन्न पंचायतों और गांवों में जारी रहेगी। यात्रा के दौरान कुणाल षाड़ंगी ने ग्रामीणों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनी और क्षेत्र की बुनियादी समस्याओं के बारे में जानकारी ली।इसके साथ ही वह इन समस्याओं के यथासंभव समाधान में भी सहयोग कर रहे हैं। यात्रा के दौरान भगवान कालिंदी, सागिर हुसैन, तपन ओझा,पिनाकी सीट, सत्यानंद उपाध्याय, बेनू घोष, राम पद देहरी, रामचंद्र कालिंदी, सहदेव कालिंदी, सपन कुमार सिंह, कुंजलता कालिंदी, प्रताप कालिंदी, वैशाखी कालिंदी, लक्ष्मीकांत कालिंदी, सोनू पातर व ग्रामीण उपस्थित थे।

### रांची प्रेस क्लब के प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से की मुलाकात

रांची(ईएमएस)।रांची प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुरेंद्र सोरेन के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को राजभवन में राज्यपाल से मुलाक़ात की।इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को छः सूत्री मांग पत्र सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि झारखंड के पत्रकार कई चुनौतियों के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं। राज्य बनने के 24 वर्षों बाद भी अबतक राज्य के पत्रकारों के हितों की सुरक्षा के लिए राज्य सरकार द्वारा आवश्यक कदम नहीं उठाए गए हैं।जबकि दूसरे राज्यों ने इस दिशा में पर्याप्त उदारता दिखाई है।राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर पत्रकार पेंशन योजना, पत्रकार स्वास्थ्य बीमा योजना की घोषणा तो की गयी, लेकिन उसे अब तक अमली जामा नहीं पहनाया जा सका है। राज्यपाल ने प्रतिनिधिमंडल की बातें को सुनने के बाद समस्याओं के निराकरण के लिए हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

# रांची चैंबर चुनाव में परेश की टीम ने पदयात्रा कर मांगा वोट

रांची : फेडरेशन झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के चुनाव में टीम परेश गट्टानी के प्रत्याशियों ने गुरुवार को अपर बाजार क्षेत्र के श्रद्धानन्द रोड, मैकी रोड के साथ ही आसपास के इलाकों में पदयात्रा कर व्यापारियों से अपनी टीम के सदस्यों के पक्ष में वोट की अपील की. इस दौरान कपड़ा कमेटी, श्रद्धानन्द दुकानदार पथ समिति, होजियरी रेडीमेड संघ के पदाधिकारियों से भी मुलाकात की. संघ के सदस्यों और बाजार क्षेत्र के व्यापारियों में टीम परेश गट्टानी के प्रत्याशियों के पक्ष में जबर्दश्त उत्साह देखा गया, बाजार क्षेत्र के व्यापारियों ने एकमत से अपना मत टीम के सभी 21 प्रत्याशियों के पक्ष में करने का भरोसा दिलाया.

पदयात्रा में परेश गट्टानी, आदित्य मल्होत्रा, अमित शर्मा, अनिल अग्रवाल, डॉ अभिषेक रामाधीन, ज्योति कुमारी, मुकेश अग्रवाल, नवीन अग्रवाल, नवजोत अलग, प्रवीण लोहिया, राहुल सबू,राम बांगड़, रोहित अग्रवाल, रोहित पोद्दार, साहित्य पवन, शैलेश अग्रवाल, संजय अखौरी, सुनील केडिया, सुनील सरावगी, विकास विजयवर्गीय, विमल फोगला शामिल थे.

### निर्दलीय प्रत्याशी ने पंडरा बाजार का दौरा कर मांगा वोट

उधर, झारखंड चैंबर चुनाव को लेकर निर्दलीय प्रत्याशी अमित अग्रवाल ने गुरुवार को पंडरा बाजार का दौरा कर अपने पक्ष में वोट देने की अपील की. अपने सहयोगी एवं समर्थक गोविंद प्रसाद अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, गिरीश अग्रवाल समेत अन्य लोगों के साथ उन्होंने पंडरा बाजार के व्यवसाईयों से संपर्क किया. उन्होंने कहा कि झारखंड में स्टार्टअप नीति को लागू करवाने पर काम करेंगे. इसके अलावा व्यापारियों के हित के लिए कई कदम भी उठाएंगे. पंडरा बाजार समेत राज्य की सभी कृषि मंडियों में इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट का कार्य कराने का भरोसा दिलाया. उन्होंने शहर के विभिन्न व्यावसायियों से फोन कर के समर्थन मांग रहे हैं.



# बाइक सवार अपराधियों ने स्कूटी सवार दो युवकों को मारी गोली

पलामू(ईएमएस)।पलामू जिला मुख्यालय मेदिनीनगर के सदर थाना क्षेत्र में अपराधियों ने दो युवकों को गोली मार दी। गोली दोनों के पैर में लगी है। जख्मी हालत में युवकों को ईलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया,जहां चिकित्सक ने उनकी गंभीर स्थिति देखते हुए प्राथमिक ईलाज के बाद दोनों को बेहतर ईलाज के लिए रेफर कर दिया। घटना बुधवार रात नौ बजे की है। सदर थाना क्षेत्र के अमानत नदी के पास सिंगरा खुर्द में वारदात हुई। जख्मी युवक उदित प्रसाद और मंटू चौरसिया चैनपुर थाना क्षेत्र के पथरा के रहने वाले हैं। दोनों युवक पड़वा से जुआ खेलकर वापस अपने घर चैनपुर के पथरा लौट रहे थे। युवकों से पूछताछ में पुलिस को पता लगा है कि बिसफुट्टा पुल से करीब डेढ़ किमी पहले सिंगरा खुर्द में अपराधियों ने पीछे से आकर युवकों की स्कूटी को रोका। फिर इनके पैर में गोली मारकर भाग निकले। गोली मारने वाले अपराधी बाईक पर सवार थे और उनकी संख्या दो थी। दोनों युवकों से किसी तरह की लूटपाट नहीं हुई है। गोली मारने के अंदाज से लगता है कि अपराधी युवकों की हत्या नहीं करना चाहते थे। इस कारण ही उन्होंने शरीर के ऊपरी हिस्से में गोली नहीं मारी। गोली लगने के बाद राहगीरों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। इसके बाद दोनों को इलाज के लिए एमआरएमसीएच में लाया गया। घटना की जानकारी मिलने पर सदर एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद पुलिस टीम के साथ पहुंचे। एसडीपीओ मणिभूषण ने बताया कि पड़वा के एक घर में जुआ खेलकर लौटने के दौरान गोली मारी गई है। गोली मारने का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सका है। दोनों बैड एलिमेंट में शामिल रहे हैं। पुलिस का अनुसंधान जारी है। गोली मारने वालों का पता लगाया जा रहा है।

### मुसाबनी प्रखंड के नीमडीह टोला के 20 ग्रामीण डोकरा का लेंगे प्रशिक्षण

पूर्वी सिंहभूम(ईएमएस)।मुसाबनी प्रखंड के नीमडीह टोला के 20 ग्रामीण को डोकरा का प्रशिक्षण लेंगे। मुख्यमंत्री लघु कुटीर एवं उद्योग विकास बोर्ड रांची की ओर से प्रशिक्षण कार्यशाला का उद्घाटन किया गया। इसमें प्रशिक्षण के लिये 20 महिलाओं को चुना गया। 50 दिनों तक चलने वाली इस प्रशिक्षण से लोगों को स्वरोजगार का अवसर मिलेगा।इस बाबत सामाजिक संस्था अग्रगति रामगढ़ आगे आई है। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला उद्यमी समन्वयक मंजू मिंज, चंदा मुखी, मुखिया सालगे मार्डी ने फीता काटकर किया। संस्था के मोहम्मद बिलाल अंसारी ने प्रशिक्षण के उद्देश्य से प्रतिभागियों को अवगत कराया।

### हो भाषा वारंगक्षिति लिपि के जनक ओत् गुरु कोल लाको बोदरा की मनी जयंती

पश्चिमी सिंहभूम (ईएमएस)। महासभा कला एवं संस्कृति भवन हरिगुट्टू, चाईबासा में 'हो' भाषा वारंगक्षिति लिपि के जनक ओत् गुरु कोल लाको बोदरा की जयंती मनायी गयी। जयंती कार्यक्रम में आदिवासी हो समाज महासभा, आदिवासी 'हो' समाज युवा महासभा, आदिवासी हो समाज महिला महासभा एवं आदिवासी 'हो' समाज सेवानिवृत संगठन के पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया।'हो' भाषा के लेखक सह भाषाविद् कोल लाको बोदरा की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उनकी जीवनी एवं योगदान को याद कर उन्हें नमन किया गया।साथ ही महासभा कैम्पस में स्थित आदिवासी 'हो' समाज महासभा के संस्थापक अध्यक्ष स्व सागु सामड की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण किया गया।

इस बीच आदिवासी हो समाज युवा महासभा के टीम ने जानकारी दी कि हो भाषा को भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल कराने की मांग आंदोलन से जुड़े चक्रधरपुर के अनिल केराई, सरायकेला-खरसांवा के सीताराम तियु और आदिवासी हो समाज युवा महासभा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र पुरती की माताजी पट्टाजैंत-सेलायसाई के नन्दी पुरती को हमलोगों ने एक ही अंतराल में खो दिया है।महासभा भवन में तीनों के लिए दो मिनट का मौन रख उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

### सोनुवा के जरकेल गांव में डायरिया से कई लोग पीड़ित अस्पताल में भर्ती

पश्चिमी सिंहभूम। पश्चिमी सिंहभूम जिला के सोनुवा प्रखंड के जरकेल गांव में डायरिया के प्रकोप से करीब एक दर्जन ग्रामीण बीमार हैं।गुरुवार को सोनुवा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कई डायरिया पीड़ित मरीजों को इलाज के लिए भर्ती कराया गया। जरकेल गांव में डायरिया से करीब एक दर्जन ग्रामीण बीमार हो गये।इसकी सूचना पर बुधवार शाम को सोनुवा सीएचसी अस्पताल की मेडिकल टीम जरकेल गांव पहुंच कर तीन मरीजों को अस्पताल में भर्ती कराया। बुधवार रात को अस्पताल में भर्ती कराये गये डायरिया पीडितों में 59 वर्षीय महिला पूनम हो, 50 वर्षीय चम्पा गोप व 35 वर्षीय शिवमुनी अंगरिया शामिल हैं।वहीं, गुरुवार सुबह डायरिया से पीड़ित और एक ग्रामीण 59 वर्षीय लोंगो अंगरिया को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# सिमडेगा में भाजपा ने की बैठक परिवर्तन यात्रा की तैयारी पर चर्चा



सिमडेगा(ईएमएस)।भारतीय जनता पार्टी के द्वारा सिमडेगा जिला में परिवर्तन यात्रा शुरू की जा रही है।परिवर्तन यात्रा की तैयारी को लेकर कोलेबिरा मंडल अध्यक्ष अशोक इंदवार की अध्यक्षता में हाईस्कूल मैदान कोलेबिरा में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला संगठन प्रभारी बबन गुप्ता ने कहा कि 24 सितंबर को सिमडेगा जिला के कोलेबिरा विधानसभा के हाईस्कूल मैदान मे परिवर्तन यात्रा का आयोजन होगा। यात्रा के दौरान रोड शो, नुक्कड़ नाटक और सभा का आयोजन जगह-जगह होगा। 24 सितंबर को अनिल एंटनी राष्ट्रीय प्रवक्ता और समीर उरांव राष्ट्रीय अध्यक्ष भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा कोलेबिरा में सभा को संबोधित करेंगे। वहीं 24 सितंबर को मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ विष्णु देव साय तथा हटिया विधायक नवीन जायसवाल कोलेबिरा सिमडेगा तथा कुरडेग में जनसभा को संबोधित करेंगे।परिवर्तन यात्रा को सफल बनाने को लेकर भाजपा के एक-एक कार्यकर्ता तैयारी में जुड़ गए हैं।इस बार झारखंड राज्य में सत्ता परिवर्तन होना निश्चित है।राज्य के जनता हेमंत सरकार के कार्यशैली से उब गई हैं।झारखंड में हर तरफ भ्रष्टाचार का आलम बना हुआ है. बेरोजगारों की संख्या दिन ब दिन बढ़ती जा रही है।भाजपा की परिवर्तन यात्रा ऐतिहासिक साबित होगी।वहीं कार्यक्रम मे जिला भाजपा महिला अध्यक्ष सुषमा देवी ने कहा कि कार्यकर्म को यादगार और सत्ता परिवर्तन के लिए यहां की महिला मिलकर माटी बेटी रोटी के तहत पोटली में माटी और चावल रखकर जगह-जगह रथ मे देगें। जिससे इस सरकार का सत्ता परिवर्तन हो।मौके पर जिला संगठन प्रभारी बबन गुप्ता कोलेबिरा विधानसभा प्रभारी मुनेश्वर कुमार साहु जिला महामंत्री मुकेश श्रीवास्तव मंडल प्रभारी अनुप केसरी मंडल अध्यक्ष अशोक इंदवार, जलडेगा मंडल अध्यक्ष मोतीलाल ओहदार, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुष्मा देवी, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अनिरुद्ध सिंह, पूर्व प्रत्याशी डॉ महेंद्र भगत, सुजान मुंडा, पूर्व सांसद प्रतिनिधि चिंतामणी कुमार, जिला मन्त्री दिलेश्वर सिंह, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष सुचिता देवी, महामंत्री रोहित कुमार साहु, रुपधर सिंह, जनेश्वर बिल्हौर, चंदन प्रसून, संजय मिश्रा, दीपक चिक बड़ाईक, रुपलाल महतो, दुबेशवर मेहर, रुपलाल महतो, जगेश्वर बिझिंया, रणधीर प्रसाद सिंह, कृष्णा सिंह, लक्ष्मण शर्मा, रणबहादुर सिंह, संजय ठाकुर, कृष्णा प्रधान, कल्पना देवी, पुष्पा देवी, बिना देवी, पार्वती देवी, रणबहादुर सिंह, गजेंद्र सिंह, दिनेश्वर सिंह, सुरेश प्रसाद, अजीत तिर्की, प्रदीप नायक समेत अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, जामताड़ा
## ई–अल्पकालीन पुर्ननिविदा आमंत्रण सूचना

ई0–अल्पकालीन पुर्ननिविदा संख्या :– 10/RI/2024-25/RWD/JAMTARA दिनांक–18.09.2024

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, जामताड़ा द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | | कार्य समाप्ति की तिथि/अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | अंक में | अक्षर में | |
| 1 | RWD /JAMTARA/ 33/RI/2024-25 | डी0बी0सी0 पाड़ा से शहरबेड़ा तक पथ निर्माण कार्य – 1.850 कि0मी0 (प्रखंड– जामताड़ा) | 18093100. 00 | एक करोड़ अस्सी लाख तिरान्वें हजार एक सौ मात्र | 12 माह |

2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 21.09.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 28.09.2024 अपराहन् 5:00 बजे।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय: 30.09.2024 अपराहन् 3:30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, जामताड़ा, ब्लॉक–सी, प्रथम तल्ला, कम्बाईंड बिल्डिंग, जामताड़ा, पिन–815351

विस्तृत जानकारी के लिये बेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रा0का0वि0, कार्य प्रमंडल, जामताड़ा

PR 336124 Rural Work Department (24-25)D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,जामताड़ा
Email Id:rdsdjmt@gmail.com

अल्पकालीन पुर्ननिविदा ई0–निविदा आमंत्रण संख्या–RDD/SD/JAMTARA/RE/07/2024-25

1.कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मुल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | जामताड़ा जिला अन्तर्गत नारायणपुर प्रखण्ड के पंचायत–पोस्ता में ग्राम–पोस्ता से अर्जुणडीह (सिमरबेड़ा) के बीच रजिया नदी में पुल का निर्माण। | 4,42,10,700.00 | 8,85,000.00 | 10,000.00 | 18 माह |

2.वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :–दिनांक–24.09.2024
3.ई0–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :–दिनांक–24.09.2024 से दिनांक–30.09.2024 (अपराह्न 5:00 बजे)
4.निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा की स्वीकार्य होगी।
5.निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो सारी जबावदेही संबंधित निविदादाता की होगी।
6.निविदा खोलने का स्थान :– e-Procurement Cell, कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, जामताड़ा।
7.निविदा खुलने की तिथि एवं समय :– दिनांक–02.10.2024 (अपराह्न 2:00 बजे)
8.निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, जामताड़ा।
9.ई0–निविदा प्रकोष्ठ का दुरभाष संख्या :– 9973957543
10.अधोहस्ताक्षरी/सक्षम पदाधिकारी को किसी भी निविदा को बिना कारण बताये रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रहेंगा तथा निविदादाता को कारण पृच्छा का अधिकार मान्य नहीं होगा।
11.B.O.Q की राशि घट–बढ़ सकती है, त्दनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,जामताड़ा

PR 336115 Rural Development(24-25).D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गिरिडीह
### ई– अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना
### ई– अति अल्पकालीन निविदा सूचना सं०–RDD/SD/GIRIDIH/19/2024-25

1.कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गिरिडीह जिला के गाण्डेय प्रखण्ड अंतर्गत पंचायत रसनजोरी के दुखिया नदी पर तीन स्पैन का पर पुल निर्माण। (पुल की लंबाई–51.33 मीटर) | 26510700.00 | 530500.00 | 10000.00 | 18 माह |
| 2 | गिरिडीह जिला के गाण्डेय प्रखण्ड अंतर्गत पंचायत उदयपुर ग्राम चेंगरबाद एवं झरघट्टा के बीच नदी पर पुल निर्माण। (पुल की लंबाई–51.33 मीटर) | 28396500.00 | 568000.00 | 10000.00 | 18 माह |
| 3 | गिरिडीह जिला के प्रखण्ड बगोदर के देवरायडीह पंचायत के धवाईया में बकरवा नदी पर पिपराघाट पर पुल निर्माण। (पुल की लंबाई–58.08 मीटर) | 30405300.00 | 608500.00 | 10000.00 | 18 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 21.09.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 21.09.2024 से दिनांक 27.09.2024 को अपराह्न 05:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गिरिडीह।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय –28.09.2024 अपराह्न 05:30 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गिरिडीह।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9431323435 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)।
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाइट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गिरिडीह।

PR 336064 Rural Development(24-25)D

## संक्षिप्त ख़बरें

### 100वें टेस्ट में शतक लगाने वाले 12वें खिलाड़ी बने अश्विन 102

चेन्नई (ईएमएस)। भारतीय टीम के ऑलराऊंडर रविचंद्रन अश्विन ने आज यहां बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट के पहले ही दिन नाबाद शतक 102 रन बनाने के साथ ही एक अहम उपलब्धि अपने नाम कर ली है। अश्चिन 100वें टेस्ट में शतक लगाने वाले विश्व के 12वें खिलाड़ी बन गए हैं। अश्विन जब मैदान में उतरे तब भारतीय टीम कठिन हालातों में थी पर उन्होंने अपने शतक से टीम को उबार दिया। अश्विन ने जडेजा के साथ करीब 200 रन की साझेदारी कर नया रिकार्ड भी बनाया। अश्विन का यह टेस्ट क्रिकेट में छठा शतक रहा। 100वें टेस्ट में शतक लगाने वाले अन्य क्रिकेटर हैं। 104 रन : एमसी काउड्रे (इंग्लैंड बनाम ऑस्ट्रेलिया) 1968। 145 रन : जावेद मियांदाद (पाकिस्तान बनाम भारत) 1989। 149 रन : जी ग्रीनीज (विंडीज बनाम इंग्लैंड) 1990। 105 रन : एलेक स्टीवर्ट (इंग्लैंड बनाम विंडीज) 2000। 184 रन : इंजमाम उल हक (पाकिस्तान बनाम इंडिया) 2005। 120 रन : रिकी पोंटिंग (ऑस्टेलिया बनाम साऊथ अफ्रीका) 2006। 143 रन : रिकी पोंटिंग (ऑस्टेलिया बनाम साऊथ अफ्रीका) 2006 131 रन : ग्रीम स्मिथ साऊथ अफ्रीका ।

### ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट बोर्ड ने श्रीलंकाई क्रिकेटर पर 20 साल का प्रतिबंध लगाया

मेलबर्न (ईएमएस)। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट बोर्ड ने ने श्रीलंकाई पूर्व खिलाड़ी और विक्टोरिया महिला टीम के कोच रहे दुलीप समरवीरा पर 20 साल का प्रतिबंध लगा दिया है। अब समरवीरा ऑस्ट्रेलिया में कोचिंग नहीं कर पायेंगे। समरवीर पर विक्टोरिया की महिला टीम ने दुर्व्यवहार का आरोप लगाया था। ऑस्ट्रेलियाई बोर्ड ने इसी को आचार मानने हुए उन्हें आचार संहिता के उल्लंघन का दोषी माना है।वह साल 2008 में पहली बार विक्टोरिया के बल्लेबाजी कोच बने थे। समरवीरा पर क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के 'इंटीग्रिटी विभाग की जांच के बाद प्रतिबंध लगाया गया। अब समरवीरा आने वाले 20 साल तक ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट में किसी भी प्रकार से काम नहीं कर पायेंगे। क्रिकेट विक्टोरिया के सीईओ निक कमिंस ने भी उनपर लगाये गये प्रतिबंध को सही माना है। कमिंस ने कहा, हमारा मानना है कि कोच के तौर पर उनका आचरण पूरी तरह से निंदनीय है और हम इस मामले में क्रिकेट विक्टोरिया के साथ हैं। समरवीरा इससे पहले महिला बिग बैश लीग में मेलबर्न स्टार्स टीम के सहायक कोच भी रहे थे। इस किकेटर ने श्रीलंका की ओर से अपने करियर में सात टेस्ट एवं पांच एकदिवसी खेले हैं। एक बार बाहर होने के बाद उन्हें वापसी का अवसर नहीं मिला।

### बांग्लादेश के तेज गेंदबाज महमूद के सामने फ्लाप हुए शीर्ष भारतीय बल्लेबाज

चेन्नई (ईएमएस)। बांग्लादेश के तेज गेंदबाज हसन महमूद ने शुरुआत भारतीय बल्लेबाजी को ढ़हा दिया। हसन ने सबसे पहले कप्तान रोहित शर्मा को को 6 रन पर पेवेलिन भेजा। इसके बाद हसन ने शुभमन को खाता खोले बिना ही पवेलियन भेज दिया। वहीं तीसरे नंबर पर उतरे अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली भी 6 रन बनाकर विकेटकीपर लिटन दास के हाथों कैच हो गये।इस प्रकार हसन ने पहले 10 ओवरों में ही तीन विकेट ले लिए। मार्च 2020 में बांग्लादेश के लिए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने वाले हसन अब एक तेज गेंदबाज के रूप में स्थापित हो गये हैं। हसन की गेंदबाजी की बदौलत बांग्लादेश को अच्छी शुरुआत मिली है और भारतीय बल्लेबाजों के लिए चुनौती बढ़ गई है।हसन ने 2017 में अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप में बांग्लादेश की टीम में शामिल होने के बाद से ही जोरदार प्रदर्शन किया है। साल 2019 में सीसी इमर्जिंग टीम एशिया कप में भी उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया था। पाकिस्तानी दौरे में भी इस गेंदबाज ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 4 पारियों में 8 विकेट लिए थे।

# अश्विन के शतक और जडेजा के अर्धशतक से भारतीय टीम ने पहली पारी में बनाये छह विकेट पर 339 रन

चेन्नई (ईएमएस)। आर अश्विन के शानदार शतक से भारतीय टीम ने बांग्लादेश के खिलाफ आज यहां शुरु हुए पहले क्रिकेट टेस्ट मैच की पहली पारी में छह विकेट पर 339 बना लिए। पहले दिन का खेल समाप्त होने के समय रविंद्र जडेजा 86 और अश्विन 102 रन बनाकर खेल रहे थे। इस प्रकार पहले दिन के खेल का आकर्षण जडेजा ओर अश्विन की अच्छी बल्लेबाजी रही। भारतीय टीम ने आज सुबह लंच तक 88 रनों पर ही तीन विकेट खेल दिये थे। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम की शुरुआत खराब रही। सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा 6 रनों पर ही आउट हो गये। वहीं शुभमन गिल अपना खाता भी नहीं खोल पाये। अनुभवी विराट कोहली भी 6 रन ही बना पाये। इसके बाद




यशस्वी जायसवाल 56 और कार हादसे के बाद लंबे प्रारुप में वापसी करते हुए ऋषभ पंत 39 ने स्कोर आगे बढ़ाया। ऋषभ के आउट होने के बाद केएल राहुल भी 16 रन ही बना पाये। इसके बाद जडेजा और अश्विन ने शानदार साझेदारी कर भारतीय टीम को संकट से उबारा।सुबह भारतीय टीम के शीर्ष बल्लेबाज असफल रहे। यशस्वी और ऋषभ ने चौथे विकेट के लिए 99 गेंद में 62 रन बनाये। ऋषभ हसन महमूद की गेंद पर आउट हुए। वहीं यशस्वी अर्धशतक लगाने के बाद मेहदी हसन मिराज का शिकार बने।राहुल भी काफी समय बाद वापसी करते हुए नाकाम रहे और नाहिद राणा की गेंद पर पहली स्लिप में शादमैन इस्लाम के हाथों कैच हो गये। वह केवल 16 रन ही बना पाये। भारत के छह विकेट 150 रनों के अंदर गिर गये थे। दूसरे सत्र में भी बांग्लादेशी गेंदबाज हावी रहे। बांग्लादेश ने टॉस जीतकर भारतीय टीम को बल्लेबाजी के लिए बुलाया। भारतीय टीम के शीर्ष बल्लेबाज महमूद का सामना नहीं कर पाये। इस मैच में शानदार साझेदारी कर अश्विन और जडेजा ने सचिन व जहीर का रिकॉर्ड तोड़ दिया। 144 रनों पर छठा विकेट गिरने के बाद जडेजा और अश्विन ने पारी संभाली इन दोनों ने आक्रामक अंदाज में खेलते हुए बांग्लादेशी गेंदबाजों पर दबाव बना दिया। इन दोनों ने 7वें विकेट के लिए स्टंप्स तक 227 गेंदों में 195 रनों की साझेदारी करते हुए भारत की पारी संभाल ली है। यह टेस्ट मैचों में बांग्लादेश के खिलाफ भारत की ओर से सातवें विकेट या इससे नीचे की सबसे बड़ी साझेदारी है। इससे पहले सचिन तेंदुलकर और जहीर खान ने साल 2004 में 10वें विकेट के लिए 133 रन बनाये थे।आज के मैच में बांग्लादेश की ओर से हसन महमूद ने सबसे ज्यादा 4 विकेट लिए।भारतीय टीम ने इस मैच में तीन तेज गेंदबाज और दो स्पिनर उतारे हैं। तेज गेंदबाजो में आकाश दीप, जसप्रीत बुमराह और मो सिराज हैं जबकि स्पिनर के तौर पर आर अश्विन और रविन्द्र जडेजा शामिल हैं।

### 25 से मप्र राज्य रैंकिंग स्नूकर चैंपियनशिप, प्रविष्टि हेतु अंतिम दिन आज

इन्दौर (ईएमएस) स्थानीय नेहरू स्टेडियम स्थित बिलियड्स एकेडमी में आगामी 25 से 29 सितंबर तक नौवीं सिक्स रेड एमपी स्टेट रैंकिंग स्नूकर चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है जिसमें देशभर के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे स्पर्धा की तैयारियां अंतिम दौर में हैं। मध्य प्रदेश बिलियड्स और स्नूकर एसोसिएशन के चेयरमेन भोलू मेहता के अनुसार इस स्पर्धा में प्रदेशभर से खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। प्रदेशभर के खिलाड़ियों के बीच खेलने से स्थानीय खिलाड़ियों को भी अपने खेल को बेहतर करने और वरिष्ठ खिलाड़ियों से सीखने का अवसर मिलेगा। स्पर्धा में प्रवेश के लिए अंतिम तिथि 20 सितंबर निर्धारित की है। इच्छुक खिलाड़ी अपनी प्रविष्टियां सुजीत गेहलोत, मितेंद्र गौड़ व संजय गौड़ को दे सकते हैं।

# हेडली के एक रिकार्ड की बराबरी कर सकते हैं साउदी

गाले (ईएमएस)। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज टिम साउदी आने वाले कुछ समय में टेस्ट प्रारूप के महान क्रिकेटर रिचर्ड हेडली की बराबरी पर पहुंच सकते हैं। साउदी को हेडली के 400 विकेट के रिकार्ड की बराबरी करने के लिए केवल 20 विकेट और लेने हैं और से उनके लिए कोई मुश्किल काम नहीं है। अगर वह टेस्ट फॉर्मेट में 400 विकेट लेते हैं तो विश्व के 18वें और न्यूजीलैंड के दूसरे गेंदबाज बन जाएंगे। साउदी का मानना है कि 400 विकेट की उपलब्धि तक पहुंचने में अभी उन्हें समय लगेगा। न्यूजीलैंड टीम अभी श्रीलंका दौरे पर है और माना जा रहा है कि इस दौरे में साउदी ये आंकड़ा हासिल कर सकते हैं पर इस गेंदबाज का कहना है कि एशियाई मैदानों पर तेज गेंदबाजों के पास विकेट लेने के अवसर कम होते हैं। साउथी ने कहा हर खेल में आप बाहर जा रहे हैं और अपनी भूमिका निभाने और




अपनी टीम के लिए कुछ विकेट लेने का प्रयास करते हैं। यह अच्छा होगा यदि आप किसी उपलब्धि को हासिल करते हैं। मुझे लगता है कि समय के साथ, जब आप लंबी अवधि के लिए खेलते हैं, तो मुझे लगता है, आप उसके करीब पहुंचने में सक्षम होते हैं, लेकिन फिर भी 20 विकेट दूर रहने का मतलब अभी आपको कुछ दौरे करने होंगे।कीवी टीम श्रीलंका में अभी दो टेस्ट खेल रही है पर साउथी के अनुसार इस सीरीज में तेज गेंदबाजों की जगह स्पिनरों की अहम भूमिका होगी। तेज गेंदबाजों के लिए यहां बेहतर प्रदर्शन करना आसान नहीं होगा।न्यूजीलैंड इस साल मार्च के बाद अपना पहला टेस्ट खेलेगा। इससे पहले उसे ग्रेटर नोएडा में अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट खेलना था पर वह बारिश के कारण नहीं हो पाया। साउदी ने कहा कि कोई भी मैच नहीं हो पाना निराशाजनक है पर खेल में ऐसा होता रहता है।

# ऑस्ट्रेलिया के लिए खेलने को पहली प्राथमिलकता देते हैं जंपा

### टी20 नहीं एकदिवसीय को मानते हैं अपना पसंदीदा प्रारुप

ट्रेंट ब्रिज (ईएमएस)। ऑस्ट्रेलिया स्पिनर एडम ज़म्पा ने कहा है कि टी20 क्रिकेट के आने से भले ही एकदिवसीय क्रिकेट का आकर्षण कम हुआ हो पर उन्हें अभी भी 50 ओवरों का मैच ही पसंद है। ज़म्पा के अनुसार ऑस्ट्रेलियाई युवाओं को भी एकदिवसीय क्रिकेट ही अच्छा लगता है।उन्होंने कहा कि टी20 फ्रेंचाइजी क्रिकेट की जगह ऑस्ट्रेलिया के लिए खेलना उनकी पहली प्राथमिकता है और एकदिवसीय क्रिकेट वह आगे भी खेलते रहेंगे। जंपा ने कहा कि भले ही लोग बीबीएल या ब्लास्ट खेले लेकिन उनके लिए देश के लिए खेलना अभी भी प्राथमिकता है। मुझे नहीं पता कि अगले कुछ वर्षों में क्या होगा। खास तौर पर एकदिवसीय प्रारूप के साथ लेकिन मुझे लगता




है कि एकदिवसीय क्रिकेट अभी भी एक प्राथमिकता है। यह अच्छा प्रारूप है। मैं अब भी इसे खेलने का आनंद लेता हूं, और मुझे लगता है कि बहुत से युवा इसे अपने देश के लिए खेलने का एक अच्छा अवसर मानते हैं।जंपा ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 2021 टी20 विश्व कप की खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई थी।तब उन्होंने 23 विकेट लिए थे। जंपा ने कहा कि अपने देश के लिए खेलने और फिर भी अपने देश के लिए जीतने की भावना फ्रेंचाइजी क्रिकेट खेलने और फ्रेंचाइजी क्रिकेट जीतने से बेहतर है। मैंने हंड्रेड में खेला। यह अच्छा है। मुझे इसे खेलना पसंद था और अंत में जीतना एक बोनस है लेकिन देश के लिए खेलना सबसे अहम होता है।इस साल विश्व क्रिकेटर्स एसोसिएशन के एक सर्वे में सामने आया था कि टी20 विश्व कप के कारण एकदिवसीय विश्व कप पर प्रभाव पड़ा है लेकिन इसके बाद भी 50 फीसदी लोगों ने एकदिवसीय संस्करण का समर्थन किया, जबकि 35 फीसदी ने टी20ई संस्करण का समर्थन किया।ज़म्पा ने कहा कि एकदिवसीय प्रारूप को लेकर आजकल कई सवाल उठ रहे हैं और इसके भविष्य पर भी संकट बताया जा रहा है पर उन्हें ऐसा नहीं लगता। मुझे लगता है कि आने वाला हर युवा अभी भी सोचता है कि यही सब कुछ है और सब कुछ है। जम्पा ने कहा कि फ्रेंचाइजी क्रिकेट के संदर्भ में स्पष्ट रूप से अन्य अवसर भी हैं और यह अच्छा है कि यह एक बड़ा बाजार है, लेकिन ये सभी अलग-अलग प्रतियोगिताएं कई खिलाड़ियों को अवसर देती हैं।

### अफगानिस्तान ने पहली बार दक्षिण अफ्रीका को एकदिवसीय मैच में हराया

शारजाह (ईएमएस)। अफगानिस्तान क्रिकेट टीम ने पहली बार एकदिवसीय क्रिकेट मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को हराकर एक अहम उपलब्धि हासिल की है। अफगानिस्तान ने दक्षिण अफ्रीकी टीम को यहां तीन मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले में 106 रन पर आउट कर दिया। इसे बाद जीत के लिए मिले लक्ष्य को 26 ओवर में ही 4 विकेट पर 107 रन बनाकर हासिल कर दिया। इस प्रकार उसे मैच में 6 विकेट से जीत मिली है। इस प्रकार अफगानिस्तान ने सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। अफगान टीम की जीत में फजलहक फारूकी और मोहम्मद गजनफर की अहम भूमिका रही। फारूकी ने 35 रन देकर 4 जबकि गजनफर ने 20 रन देकर 3 विकेट लिए।

### डब्लयूटीसी चक्र में सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज होंगे विराट : रैना

नई दिल्ली (ईएमएस)। पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना ने कहा है कि आने वाले समय में विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्लयूटीसी) चक्र में विराट कोहली सबसे अधिक रन बनाने वाले क्रिकेटर साबित होंगे। भारतीय टीम को अगले कुछ महीनों में डब्लयूटीसी चक्र के तहत 10 टेस्ट मैच खेलने हैं। इसमें बांग्लादेश के खिलाफ दो , न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन और घरेलू टेस्ट और ऑस्ट्रेलिया में 5 मैचों की सीरीज भी शामिल है।कोहली ने अंतिम बार जनवरी 2024 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज खेली थी और इसके बाद से ही वह इस प्रारुप से बाहर रहे हैं। वहीं रैना का मानना है कि इस प्रारुप में वापसी करते हुए कोहली काफी अच्छी बल्लेबाजी करेंगे। उन्होंने कहा कि डब्ल्यूटीसी में भारत लगभग 10 मैच खेलेगा और मेरा मानना है कि विराट इस टेस्ट चक्र में ढेर सारे रन बनाएंगे। रैना ने कहा आने वाली सभी सीरीजों में विराट पर सभी की नजरें रहेंगी। विराट को भी टेस्ट मैच पसंद हैं और वह उसमें बेहतर प्रदर्शन का परा रैना ने टी20 विश्व कप में कोहली के हाल के प्रदर्शन को ध्यान में रखते हुए कहा कि दबाव में भी वह संयमित बने रहकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देते हैं यही उनकी ताकत है। लचीलेपन पर भी जोर दिया। रैना ने कहा कि विराट दबाव में निखरकर सामने आता है और इस पूरे टेस्ट सत्र के केन्द्र में वह रहेगा।

### यूएस मास्टर्स टी10 लीग का दूसरा सत्र नवंबर में खेला जाएगा

टेक्सास (ईएमएस)। यूएस मास्टर्स टी10 लीग क्रिकेट इस साल के अंत में 8 नवंबर से 17 नवंबर 2024 तक टेक्सास में खेला जाएगा। इसमें बार फिर दिग्गज क्रिकेटर खेलते दिखेंगे। इस दूसरे सत्र में छह टीमें भाग लेंगी। इसकी एक फ्रैंचाइजी शिकागो प्लेयर्स टीम ने एक नया लोगो पेश किया है। इस नए लोगो में एक गतिशील ढाल है, जो ताकत और लचीलेपन का प्रतीक है जिसमें तीन सितारे टीम की उत्कृष्टता की खोज का प्रतिनिधित्व करते हैं। फ्रैंचाइजी का नाम द शिकागो प्लेयर्स, ढाल पर प्रमुखता से प्रदर्शित है, जो टूर्नामेंट में अपनी छाप छोड़ने के लिए उनकी तत्परता को दिखाता है।शिकागो प्लेयर्स के प्रमोटर विशाल पटेल ने कहा कि टीम अमेरिका में शीर्ष स्तरीय क्रिकेट को लाने और एक बड़ा प्रभाव डालने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, हम यूएस मास्टर्स टी10 में इस रोमांचक यात्रा के लिए शिकागो प्लेयर्स के नए लोगो का अनावरण कर बेहद उत्सारहित हैं। हमारा लोगो जीत की भावना और उत्कृष्टता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। एक टीम के रूप में हम यूएसए में शीर्ष स्तरीय क्रिकेट लाने और अपने पहले सीजन में एक महत्वपूर्ण प्रभाव डालने के लिए समर्पित हैं। इसका पहला सीजन 2023 में आयोजित किया गया था और विजेता टीम टेक्सास चार्जर्स थी।

### गंभीर से मिली सलाह से बल्लेबाज बेहतर हुई : साल्ट

मुंबई (ईएमएस)। इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज फिलिप साल्ट ने कहा है कि आईपीएल खेलते समय उन्हें तब कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के मेंटोर रहे गौतम गंभीर से काफी अच्छी सलाह मिली थी। साल्ट ने कहा कि उसे सलाह के कारण ही वह बेहतर प्रदर्शन कर पाये थे। साल्ट 2024 आईपीएल विजेता कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) टीम में शामिल थे। आईपीएल में गंभीर के साथ बिताए समय को याद करते हुए साल्ट ने कहा कि गंभीर में प्रतिस्पर्धा का एक सकारात्मक गुण है।सॉल्ट ने कहा, वह हमेशा उस एक प्रतिशत की तलाश में रहते हैं जो व्यक्ति को बेहतर बनाने और टीम को जीत दिलाने में मदद करे। इसलिए मुझे उनके लिए काम करना अच्छा लगा। सॉल्ट केकेआर टीम का एक महत्वपूर्ण हिस्सा थे हालांकि वह प्लेऑफ से पहले स्वदेश लौट गये थे।

**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, बोकारो**
**(जिला भू-अर्जन शाखा)**
ई-मेल :- landacquisition.bokaro@gmail.com

प्रपत्र VI 'क'
झारखण्ड सरकार
समाहर्त्ता या समुचित सरकार
प्रारंभिक अधिसूचना
(अधिनियम-30/2013 की धारा-11 (1) के अधीन)

पत्रांक- 949/भू0अ0 दिनांक- 12.09.2024

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि ग्राम ...आद्राकुड़ी.. थाना .....चन्दनकियारी.... थाना सं0 .......155.. अंचल ....चन्दनकियारी... जिला .....बोकारो.... में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना चन्दनकियारी प्रखण्ड के आद्राकुड़ी में पंचायत भवन के निर्माण कार्य........ हेतु अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए हैं। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम ...आद्राकुड़ी.. थाना .....चन्दनकियारी.... थाना सं0 .......155.. अंचल ....चन्दनकियारी... जिला .....बोकारो.... में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश ....0.1050.... एकड़ यानि ....0.042493... हेक्टेयर मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है ...............................

| क्रम सं0 | खाता सं0 | सर्वे प्लॉट सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 243 | 2263 | नीज | आवासीय | 0.1050 | विभाष चन्द्र महतो | नीज | रास्ता | नीज | नीज |
| कुल रकवा | | | | | 0.1050 | | | | | |

यह अधिसूचना भू-अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकार एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा-11 (1) के उपबंधो के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की परियोजना का निरीक्षण जिला भू-अर्जन पदाधिकारी .....बोकारो..... के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सके। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता-सह-समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यों के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू-वेधन-छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यों के संचालन करने हेतु जिला भू-अर्जन पदाधिकारी ..... बोकारो..... और उनके कर्मचारी .................................................. को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रंरभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अंतर्गत भू-अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू-अर्जन पदाधिकारी ..... बोकारो..... के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

समाहर्त्ता
बोकारो

PR 336033 Land Reforms(24-25).D

**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, बोकारो**
**(जिला भू-अर्जन शाखा)**
ई-मेल :- landacquisition.bokaro@gmail.com

प्रपत्र VI 'क'
झारखण्ड सरकार, समाहर्त्ता या समुचित सरकार
प्रारंभिक अधिसूचना
(अधिनियम-30/2013 की धारा-11 (1) के अधीन)

पत्रांक - 951/भू0अ0 दिनांक - 12.09.2024

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि ग्राम ....**मुरसाटांड**... थाना .....**कसमार**.... थाना सं0 .......**132**... अंचल .... **कसमार**... जिला .....**बोकारो**.... में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना ....**बरलंगा से कसमार भाया नेमरा पथ का चौड़ीकारण एवं मजबूतीकरण** .... हेतु अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए हैं। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम ....**मुरसाटांड**... थाना .....**कसमार**.... थाना सं0 .......**132**... अंचल .... **कसमार**... जिला .....**बोकारो**.... में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश ....**0.1000**.... एकड़ यानि ..... **0.0405**... हेक्टेयर मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है ...............................

| क्रम सं0 | खाता सं0 | सर्वे प्लॉट सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम वो पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 12 | 44 | निजी | कृषि | 0.1000 | 1. मनीलाल मुण्डा पिता स्व0 रामेश्वर मुण्डा 2. हिरालाल मुण्डा पिता स्व0 रामेश्वर मुण्डा | रास्ता | 45 | निज | निज |
| कुल | | | | | 0.1000 | | | | | |

यह अधिसूचना भू-अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा-11 (1) के उपबंधो के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की परियोजना का निरीक्षण जिला भू-अर्जन पदाधिकारी .....**बोकारो**..... के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सके। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता-सह-समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यों के समुचित निश्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू-वेधन-छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यों के संचालन करने हेतु जिला भू-अर्जन पदाधिकारी ..... **बोकारो**..... और उनके कर्मचारियों को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अंतर्गत भू-अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू-अर्जन पदाधिकारी .....**बोकारो**..... के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

समाहर्त्ता,
बोकारो

PR 336043 Land Reforms (24-25)_D

**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, बोकारो**
**(जिला भू-अर्जन शाखा)**
ई-मेल :- landacquisition.bokaro@gmail.com

प्रपत्र VI 'क'
झारखण्ड सरकार, समाहर्त्ता या समुचित सरकार
प्रारंभिक अधिसूचना
(अधिनियम-30/2013 की धारा-11 (1) के अधीन)

पत्रांक - 954/भू0अ0 दिनांक - 12.09.2024

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि ग्राम ....**बगियारी**... थाना .....**कसमार**.... थाना सं0 .......**100**... अंचल .... **कसमार**... जिला .....**बोकारो**.... में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना ....**बरलंगा से कसमार माया नेमरा पथ का चौड़ीकारण एवं मजबूतीकरण** .... हेतु अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए हैं। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम ....**बगियारी**... थाना .....**कसमार**.... थाना सं0 .......**100**... अंचल .... **कसमार**... जिला .....**बोकारो**.... में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश ....**1.1480**.... एकड़ यानि ..... **0.4646**... हेक्टेयर मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है ...............................

| क्रम सं0 | खाता सं0 | सर्वे प्लॉट सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम वो पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | 564 | निजी | अवासीय | 0.1250 | कुलु घासी पिता स्व0 मिखु घासी वो लक्ष्मण गोसाई वगै0 पिता' रूपनाथ गोसाई वो0 डाकेशवर गोसाई वगै0 पिता सुचान्द गोसाई एवं जमाबंदी धारी रैयत के वंसज | 563 | 666 | रास्ता | 565 |
| 2 | 23 | 1210 | निजी | कृषि | 0.0740 | जाहिरूदीन अंसारी वगैरह पिता स्व0 यार अंसारी | रास्ता | 1207 | नीज | 1028 |
| 3 | 161 | 1216 | निजी | कृषि | 0.0080 | भागीरथ महतो वगैरह पिता स्व0 फुचन महतो | रास्ता | 1214 | 1217 | 1210 |
| 4 | 161 | 1217 | निजी | कृषि | 0.0200 | प्रयाग महतो वगैरह पिता स्व0 भरत महतो वो ठाकुर दास महतो वगैरह पिता स्व0 बिरू महतो | रास्ता | 1214 | 1219 | 1216 |
| 5 | 163 | 1026 | निजी | अवासीय | 0.0120 | दिवारकर प्रमाणिक वगैरह पिता स्व0 डोमन प्रमाणिक वो पंचानन्द्र प्रमाणिक पिता गोर्वधप प्रमाणिक वो बंकिमचन्द्र प्रमाणिक पिता बलदेव प्रमाणिक वो प्रदिप प्रमाणिक वगैरह पिता निवारण प्रमाणिक वो भिमचंन्द्रपाल पिता कन्हाई चन्द्रपाल वो नेपाल प्रमाणिक पिता राजम प्रमाणिक | 2262 | 1210 | 1210 | रास्ता |
| 6 | 186 | 683 | निजी | कृषि | 0.1490 | 1.वावू लाल महतों पिता स्व0 भोलानाथ महतों 2. अनुप कुमार महतों व प्रकाश कुमार महतों व प्रभात कुमार महतों पिता स्व0 प्रफुल कुमार महतों 3. विवेक व विशाल कुमार पिता स्व0 प्रदीप कुमार महतों | 679 | 696 | रास्ता | 682 |
| 7 | 186 | 891 | निजी | अवासिय | 0.0370 | ठाकुर दास हजाम वगैरह पिता गिरि हजाम व शांति तुरी पिता बेंजु तुरी वो झालो देवी पति- जानकी तुरी | रास्ता | 892 | 894 | रास्ता |
| 8 | 193 | 836 | निजी | कृषि | 0.0230 | यासिन अंसारी वगै0 पिता मघु मिया वो पान बाबु अंसारी वगै0 वो गुलाम अंसारी पिता हनिफ अंसारी वो जातुदीन अंसारी पिता अकबर मिया वो धरमु मिया वगै0 पिता हुसैनी मिया एवं जामाबंदी धारी रैयत के वंसज | रास्ता | रास्ता | रास्ता | 837 |
| 9 | 210 | 812 | निजी | अवासीय | 0.1630 | हराधन महली वगैरह पिता स्व0 सुखलाल महली वो लुधु महली वो उधव महली वो माधवी महली पिता स्व0 मंगरू महली एवं गोपाल महली पिता सुदी महली वो मीना दिष्या पति स्व0 नेपाल महली वो निवारण महली पिता गुही महली वो विभुति महली पिता गोवर्धन महली | 850 | 806 | रास्ता | 813 |
| 10 | 210 | 814 | निजी | अवासीय | 0.0390 | विभुति महली वो लक्ष्मण महली पिता गोवर्धन महली वो निवारण महली पिता गुही महली | रास्ता | 819 | 815 | 812 |
| 11 | 120 | 667 | निजी | कृषि | 0.4930 | विगन प्रसाद जयसवाल पिता जागेश्वर प्रसाद वगैरह पंचाट के अनुसार नाम | 666 | रास्ता | रास्ता | 669 |
| 12 | 197 | 1234 | निजी | कृषि | 0.0050 | अज्ञात | रास्ता | 1233 | 1235 | 1221 |
| कुल | | | | | 1.1480 | | | | | |

यह अधिसूचना भू-अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा-11 (1) के उपबंधो के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की परियोजना का निरीक्षण जिला भू-अर्जन पदाधिकारी .....**बोकारो**..... के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सके। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता-सह-समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यों के समुचित निश्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू-वेधन-छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यों के संचालन करने हेतु जिला भू-अर्जन पदाधिकारी ..... **बोकारो**..... और उनके कर्मचारियों को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अंतर्गत भू-अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू-अर्जन पदाधिकारी .....**बोकारो**..... के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

समाहर्त्ता,
बोकारो

PR 336049 Land Reforms (24-25)_D

# पितृ पक्ष के अवसर पर एक कमरा मां या पूर्वजों के नाम कर पुण्य का भागी बने : अनिल

## माडवाड़ी विकास ट्रस्ट के600 ट्रस्टी के प्रयास से समाज के सभी वर्गों के लिए 100 कमरे का वैवाहिक रिजॉर्ट हैं, निर्माणाधीन




धनबादः मारवाड़ी विकास ट्रस्ट समाज के सभी वर्गों के लिए एक प्रस्तावित सुंदरतम 100 कमरे का वैवाहिक रिजॉर्ट धनबाद के हृदय स्थल राज आंगन के प्रांगण में बनाने हेतु कटिबद्ध है I इस क्रम में 144000 स्क्वायर फीट के निर्माण में अभी तक लगभग 36000 स्क्वायर फीट के रेफट यानी बुनियाद के पूर्ण होने के कगार पर पहुंच चुका है।

ट्रस्ट के 600 ट्रस्टीगण के पूर्ण प्रयास एवं समाज से लगातार आर्थिक सहयोग प्राप्त हो रहा है। उम्मीद की जा रही है कि अगले दो वर्षों में यह रिजॉर्ट समाज को समर्पित किया जाए जा सकेगा। समय-समय पर आर्थिक सहयोग हेतु ट्रस्ट द्वारा नई-नई स्कीम प्रस्तुत की जाती रही है। इस संदर्भ में ट्रस्ट के अध्यक्ष, अनिल मुकीम ने हिंदी दैनिक अखबार कोयलांचल संवाद के वरिष्ठ पत्रकार सह ब्यूरो चीफ, आर एन चौरसिया को बतलाया की हिंदू मान्यताओं के अनुसार हमारे पूर्वजों की आत्माएं पन्द्रह दिवसीय पितृ पक्ष उत्सव मनाने हेतु पृथ्वी पर आती है एवं इस दौरान जो भी व्यक्ति अपने पितरों के लिए विशेष पूजा, श्राद्धकर्म एवं दान करता है उनको दीर्घायु, पुत्र पौत्रदि,यश, स्वर्ग पुष्टि, आत्मबल, लक्ष्मी, सुख-साधन, धन्य धान्य से परिपूर्ण होने का पूर्वजो से आशीर्वाद मिलता है। उन्होंने आगे बतलाया की ट्रस्ट ने इसी बात को ध्यान में रखते हुए सर्वसम्मति से निर्णय लिया है कि एक कमरा मॉ या पूर्वजों के नाम, तीन लाख दान राशि देकर ट्रस्ट को आर्थिक सहयोग करते हुए अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति हेतु ट्रस्ट द्वारा प्रस्तावित सामाजिक रिजॉर्ट जो कि वर्षों वर्षों तक समाज के हित में कार्य करने की आशा रखता है, उसे आर्थिक सहयोग करने की लोगो से अपील की ।

स्कीम केवल पितृ उत्सव हेतु लाई गई है I जिसके अंतर्गत सहमति की अंतिम तिथि 2 अक्टूबर रखी गई है।उन्होंने आगे जानकारी दी की इस स्कीम के अंतर्गत समाज के 23 सम्मानित सदस्यों ने अभी तक अपने पूर्वजों के नाम एक कमरे की दान राशि देने की सहमति प्रदान कर चुकी है I उन्होंने कहा यह उम्मीद की जा रही है की अधिक से अधिक सामाजिक सम्मानित सदस्यों द्वारा इस स्कीम के अन्तर्गत दान देने की संभावना है। अनिल मुकीम नें समाज के सभी बंधुओ से आग्रह किया की कि अपने पितरों की याद एवं सम्मान में एक कमरे की दान राशि देकर समाज के प्रस्तावित रिजॉर्ट को आर्थिक सहयोग देने की कृपा करें, ताकि आपके समाज का सपना जल्द से जल्द पूर्ण हो सके। इस संदर्भ में धनबाद क्लब में बुधवार को प्रेस वार्ता भी आयोजित की गई थी I मौके पर ट्रस्ट के अध्यक्ष,अनील मुकीम,वरीय सलाहकार, योगेंद्र तुलस्यान, सलाहकार बाबूलाल अग्रवाल, सलाहकार विनोद तुलस्यान, सचिव विनोद पसारी, उपाध्यक्ष, चेतन गोयंका ,उपाध्यक्ष, डी एन चौधरी, सहसचिव, अनिल गुप्ता, सहसचिव शंकर नारनोली, कोषाध्यक्ष,श्याम पसारी, कोषाध्यक्ष, वेद प्रकाश केजरीवाल, विजय हाडोदिया, जितेंद्र अग्रवाल, सुरेश पोद्दार, कुलदीप अग्रवाल, बसंत हेलीवाल आदि मौजूद थे।

## कोयला भवन में हिंदी निबंध लेखन व पत्र लेखन प्रतियोगिता का आयोजन



धनबादः 19 सितंबर को कोयला भवन सभागार में हिंदी निबंध लेखन व पत्र लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पार्थशीष राम, महाप्रबंधक (सामग्री प्रबंधन) ने कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें हिंदी में कार्य करने के बारे में मार्गदर्शन प्रदान किया। पार्थशीष राम, महाप्रबंधक (सामग्री प्रबंधन) ने अपने संबोधन में कहा कि, आज हिंदी में बहुत से उपयोगी टूल्स का निर्माण किया जा चुका है। इनकी सहायता से हिंदी में कार्य करना बहुत आसान हो गया है। इस प्रतियोगिता में लगभग 50 प्रतिभागियों ने सक्रिय भागीदारी की और अपने कौशल का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रसिद्ध साहित्यकार मुंशी प्रेमचंद को श्रद्धांजलि अर्पित करने से हुई। दिलीप कुमार सिंह, प्रबंधक (हिन्दी) ने प्रसिद्ध राष्ट्रकवि मैथिली शरण गुप्त के जीवन और साहित्यिक योगदान का परिचय प्रस्तुत किया, जिससे उपस्थित लोगों को उनकी साहित्यिक धरोहर से परिचित कराया गया। यह प्रतियोगिता हिंदी भाषा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रेरित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई।

## डीएवी + 2 विद्यालय पाथरडीह में पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन



झरिया : डी. ए. वी. + 2 उच्च विद्यालय, पाथरडीह, धनबाद में गुरुवार को आर.एस.पी. कॉलेज झरिया के बीएड सेमेस्टर-2 सत्र-2023-25 के प्रशिक्षुओं द्वारा विद्यालय अवलोकन के तहत छात्र-छात्राओं के साथ पौधारोपण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया I इस अवसर पर प्रशिक्षुओं ने छात्र - छात्राओं को प्रकृति व पर्यावरण के संरक्षण और महत्व को समझाया I साथ ही विद्यार्थियों ने पर्यावरण सुरक्षित रखने का शपथ लिया I कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरबिन्द कुमार पाण्डेय ने कहा की हम सभी को पर्यवारण को बचाने के लिए अपने व्यवहार मे बदलाव लाना चाहिए और आस -पास के वातावरण को साफ एवं स्वस्थ रखने के लिए रोजाना प्रयास करना चाहिए I मौके पर पर्यवेक्षक डॉ, रामचन्द्र कुमार, प्रशिक्षु पूनम कुमारी, आरती कुमारी, उदय कुमार, कचन कुमारी, श्वेता कुमारी, चन्द्रमुखी कुमारी, प्रार्थना मिश्रा, पायल पटेल, सुमन कुमारी, लबली कुमारी, समेत विद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण का नारा देकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

## बी एस एल में 20-21 सितंबर को अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन



बोकारोः स्टील प्लांट तथा इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मेटल्स, बोकारो चैप्टर द्वारा संयुक्त रूप से 20-21 सितंबर को "फ्लैट स्टील उत्पादों की प्रोसेसिंग टेक्नोलॉजी में प्रगति पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन (एपीटी-एफएस 2024)" का आयोजन किया जा रहा है. सम्मेलन का आयोजन बोकारो स्टील प्लांट के एल एंड डी सेंटर में किया जाएगा. अपनी तरह का पहला सम्मेलन, स्टील उद्योग, अनुसंधान एवं विकास संस्थानों, शिक्षाविदों और प्रौद्योगिकी प्रदाताओं के विशेषज्ञों को स्टील में आने वाली कुछ प्रौद्योगिकियों पर विचार-विमर्श करने के लिए एक साझा मंच उपलब्ध कराएगा. यह सम्मेलन विशेषज्ञों को प्रस्तुतियों के माध्यम से स्टील मेकिंग और फ्लैट स्टील उत्पाद विकास के क्षेत्र में अपनी उपलब्धियों को प्रदर्शित करने का एक अवसर भी प्रदान करेगा. दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के लिए 100 से अधिक प्रतिनिधियों ने पंजीकरण कराया है, जिनमें विदेशी प्रतिनिधि भी शामिल हैं. उद्योग, अनुसंधान एवं विकास तथा शिक्षा जगत के विशेषज्ञों द्वारा कुल मिलाकर 30 से अधिक शोध-पत्र प्रस्तुत किया जाएगा. दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के लिए बीएसएल के शीर्ष प्रबंधन के नेतृत्व में आयोजन समिति इस सम्मेलन को सफल बनाने के लिए जुटी है.

### स्वच्छता ही सेवा अभियान


स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत डी ए वी इस्पात पब्लिक स्कूल के द्वारा संचालित 08 बी ,12 ई ,02 सी ,03 डी ,09 ई एवं 09 बी के स्कूलों में स्वच्छता के प्रति बच्चों को जागरूक बनाने हेतु "स्वच्छता ही सेवा" विषय पर रैली, निबंध प्रतियोगिता, ड्राइंग प्रतियोगिता तथा लेख प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. विभिन्न प्रतियोगितओं में बहुत ज्यादा संख्या में बच्चों ने भाग लिया तथा बोकारो सिटी में स्वच्छता के बारे में जागरूकता का सन्देश फैलाया.

## वॉलीबॉल नॉकआउट चैंपियनशिप में छात्रों ने तीसरा स्थान प्राप्त कर धनबाद का गौरव बढ़ाया




राजगंजः सीबीएसई स्कूल क्लस्टर थ्री वॉलीबॉल नॉकआउट चैंपियनशिप में राजगंज स्थित बड्स गार्डेन स्कूल, दलुडिह ने हजारीबाग में 17 वर्ष बालक वर्ग में तीसरा स्थान प्राप्त कर धनबाद जिले का गौरव बढ़ाया है। इस प्रतियोगिता में झारखंड और बिहार के 80 सीबीएसई स्कूलों की टीमों ने हिस्सा लिया था। इस प्रतियोगिता में संत स्टीफन स्कूल ,हजारीबाग प्रथम एवं डीएवी स्कूल ,गया दूसरा स्थान प्राप्त किया हैं। बड्र्स गार्डन स्कूल ने प्रथम चक्र में होली क्रॉस इंटरनेशनल स्कूल, खगौल ,बिहार एवं दूसरे राउंड में डॉ. डी वाई पी पी इंटरनेशनल स्कूल, पटना को एवं क्वार्टर फाइनल में डीपीएस, पटना को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया था । जिन्हें झारखंड वॉलीबॉल संघ के सचिव, शेखर बॉस ने अपने हाथों से मेडल पहनाकर एवं ट्रॉफी देकर प्रोत्साहित किया। इस प्रतियोगिता में तीसरे स्थान प्राप्त करने के लिए विद्यालय के प्राचार्य प्रमोद चौरसिया एवं अध्यक्ष, श्री ऐ के पाल ने अपने टीम और टीम कोच दीपक कुमार को बधाई दी I

# आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार, 895 आवेदन निष्पादित, 646 प्रक्रियाधीन




धनबादः आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार, कार्यक्रम में बृहस्पतिवार को 895 आवेदनों का निष्पादन किया गया। वहीं शिविरों में 5961 आवेदन प्राप्त हुए। इसमें फोकस स्कीम के 3351 आवेदनों में 126 तथा बेनेफिशियरी ओरिएंटेड स्कीम के 1351 में 136 आवेदन निष्पादित किए गए। वहीं 459 लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। शिविरों में विभिन्न प्रकार की 174 शिकायतों का निवारण ऑन द स्पॉट किया गया। जबकि 646 आवेदन निष्पादन की प्रक्रिया में है। राज्य सरकार की फोकस स्कीम में अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के 146, अबुआ आवास के 2557, सर्वजन पेंशन 352, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना 108, जाति प्रमाण पत्र के 84, आवासीय 63 व आय प्रमाण पत्र के 41 आवेदन प्राप्त हुए। इसमें सर्वजन पेंशन के 40, जाति प्रमाण पत्र के 35, आवासीय प्रमाण पत्र के 27 तथा आय प्रमाण पत्र के 24 आवेदनों को निष्पादित किया गया। वहीं बेनेफिशरी ओरिएंटेड स्कीम में वृद्धा पेंशन के 119, विधवा पेंशन 7, दिव्यांगजन पेंशन 4, आयुष्मान कार्ड वितरण के 85 तथा 1136 अन्य आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें विभिन्न पेंशन योजना के 63, आयुष्मान कार्ड वितरण के 5 तथा 68 अन्य आवेदन निष्पादित किए गए। शिकायत निवारण, में राजस्व अभिलेखों में सुधार के 16, आय प्रमाण पत्र जन्म प्रमाण पत्र में सुधार 1, आधार कार्ड में संशोधन 137, राशन कार्ड में संशोधन के 542 तथा बिजली सम्बन्धी समस्या के 12 आवेदन प्राप्त हुए।

# कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न कराना जिला प्रशासन का उद्देश्य : उपायुक्त




धनबादः झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा - 2023 जे.जी.जी.एल.सी.सी.ई. - 2023 को लेकर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी, माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार को न्यू टाउन हॉल में परीक्षा के लिए प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, सेंटर सुपरिटेंडेंट, फ्लाइंग स्क्वॉड तथा पुलिस पदाधिकारियों के लिए ब्रीफिंग का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि कदाचार मुक्त, शांतिपूर्ण, स्वतंत्र और निष्पक्ष परीक्षा संपन्न कराना जिला प्रशासन का उद्देश्य है। इसलिए सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारी अपने दायित्व का गंभीरता से निर्वाहन करेंगे। आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों का अक्षरशः पालन करेंगे। उन्होंने कहा कि यह परीक्षा सभी परीक्षार्थियों के लिए अति महत्वपूर्ण है। जो परीक्षार्थी इसमें सफल होंगे वे अच्छे पद पर काम करेंगे। इसलिए सभी पदाधिकारी अपने कर्तव्य का कड़ाई से पालन करेंगे। परीक्षा बाधित करने वालों पर पैनी नजर रखेंगे। कदाचार करते पकड़े जाने पर सेंटर सुपरिटेंडेंट परीक्षार्थी पर एफआईआर दर्ज कराएंगे।

परीक्षा अवधि के दौरान किसी भी परीक्षार्थी को बाहर जाने की अनुमति नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्र में मोबाइल फोन सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ले जाने पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। दंडाधिकारी प्रत्येक परीक्षार्थी की अच्छी तरह से तलाशी लेंगे। आपत्तिजनक वस्तु मिलने पर तुरंत इसकी रिपोर्ट सेंटर सुपरिटेंडेंट से करेंगे। फ्लाइंग स्क्वॉड और पेट्रोलिंग मजिस्ट्रेट परीक्षा से पूर्व परीक्षा केंद्र का भ्रमण कर लेंगे। सुरक्षा के दृष्टिकोण से सीसीटीवी कैमरे, मोबाइल जैमर सहित अन्य की जांच कर लेंगे। अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे लगाने की जरूरत हो तो लगवा लेंगे।

इसके अलावा उन्होंने सीटिंग प्लान, प्रश्न पत्रों के डिस्पैच, वितरण की एसओपी, परीक्षा संपन्न होने के बाद प्रश्न पत्रों की सीलिंग, वापस स्ट्रांग रूम लाना, सुचारू यातायात व्यवस्था सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर आवश्यक निर्देश दिए।

झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा - 2023 में लगभग 29000 से अधिक परीक्षार्थी शामिल होंगे। इसका आयोजन शनिवार 21 सितंबर एवं रविवार 22 सितंबर 2024 को जिले के 74 सेंटर पर 3 शिफ्ट में किया जाएगा। पहली शिफ्ट में सुबह 8:30 से 10:30 बजे तक, दूसरी शिफ्ट सुबह 11:30 से दोपहर 1:30 बजे तक एवं तीसरी शिफ्ट में दोपहर 3:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक परीक्षा आयोजित की जाएगी। बैठक में उपायुक्त, माधवी मिश्रा, सिटी एसपी, अजीत कुमार, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर श्रीमती हेमा प्रसाद, अपर समाहर्ता, विनोद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी, उदय रजक, विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी, जियाउल अंसारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी श्रीमती निशु कुमारी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, मुकेश कुमार बाउरी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, प्रदीप शुक्ला, उप निर्वाचन पदाधिकारी, कालिदास मुंडा, डीएसपी हेडक्वार्टर 1, शंकर कामती, जिला परिवहन पदाधिकारी, दिवाकर सी द्विवेदी, डीसीएलआर, संतोष गुप्ता, ट्राफिक डीएसपी, अरविंद कुमार के अलावा अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।




स्वामित्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक किशोर कुमार पाण्डेय द्वारा डी. बी. कॉर्प लिमिटेड, के. जी. आश्रम के नजदीक, भुईफोड़ मंदिर, गोसाईडीह, गोविन्दपुर रोड, धनबाद से मुद्रित एवं विनोद नगर, धनबाद (झारखण्ड)- 826001 से प्रकाशित आर. एन. आई. नं. - 58948/94, पो. रजि. -डी. एन. बी. /54 फोन नं. 0326-2310243, 9431507990 Fax N0. -0326-2310243 Email : koylanchal_dhn@rediffmail.com & koylanchal.hindi@gmail.com समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार।